जबलपुर
शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-12/13
वर्ष : 20, अंक : 171
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं



## बाजारों में दीपोत्सव की भारी भीड़

### शहर में धनतेरस पर 600 करोड़ रुपए से अधिक की धनवर्षा की उम्मीद

# धनतेरस पर 'धन-धना-धन'

### बर्तन बाजार से लेकर सोने-चांदी की दुकानों में उमड़ी लोगों की भीड़

सर्वाधिक धनवर्षा ऑटोमोबाइल सेक्टर में होगी

करीब 1500 कारों, 2500 बाइक्स और स्कूटर की बिक्री होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बाजारों में दीपोत्सव की भीड़ है। शहर के कारोबारी धनतेरस पर उमंगों की खरीदारी को लेकर आशान्वित है। फूल, मिठाई, बर्तन, गहने, गाड़ी,कपड़ा, घर सज्जा और मिष्ठान आदि हर तरह के व्यापार 20 से 25 फीसदी अधिक व्यापार की उम्मीद है।

एक अनुमान के मुताबिक शहर में धनतेरस पर 600 करोड़ रुपए से अधिक की धनवर्षा की उम्मीद है। क्योंकि, जीएसटी कटौती का सर्वाधिक लाभ वाहन खरीदार उठा रहे हैं। अतः सर्वाधिक धनवर्षा ऑटोमोबाइल सेक्टर में होने की उम्मीद है। आज नए वाहन खरीदने की भी परंपरा है। धनतेरस से पर गत वर्ष की तुलना में 20 से 25 फीसदी अधिक का ग्रोथ की आस है। धनतेरस पर करीब 1500 कारों और 2500 बाइक्स, स्कूटर बिक्री का होने की उम्मीद है।



### देशभर में सोने-चांदी में 50 हजार करोड़ के व्यापार की उम्मीद


कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के अनुमान के मुताबिक समूचे देश में धनतेरस के अवसर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सोने चांदी के व्यापार का अनुमान है। धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए इसकी बिक्री इस दौरान 30 फीसदी अधिक होती है। चांदी के सिक्कों और उससे बनी वस्तुओं की बिक्री 35 फीसदी से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, परिधानों में विशेषकर फैशनेबल परिधानों की बिक्री 20 प्रतिशत अधिक होगी है।

### इंद्र योग और ब्रह्म योग के संयोग में बरसेगी मां लक्ष्मी की 'कृपा'

इस बार धनतेरस विशेष योग में शनिवार को मनेगी। इस साल धनतेरस पर 12 साल बाद बन रहा त्रिपुष्कर योग, इंद्रयोग और ब्रह्म योग का संयोग बन रहा है। इस योग में मां लक्ष्मी की कृपा बरसेगी। दिवाली से पहले धनतेरस के दिन कुबेर जी की पूजा होगी। धनतेरस से मंगलवार से पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। 18 अक्टूबर को धनतेरस और धन्वंतरि जयंती रहेगी। इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन बर्तन खरीदने की परंपरा है। पधनतेरस पर 12 साल बाद त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और ब्रह्म योग का संयोग बन रहा है। इस इन योगों के कारण यह दिन न केवल खरीदारी के लिए शुभ रहेगा, बल्कि आरोग्य, दीघार्यु और समृद्धि की कामना के लिए भी विशेष फलदायी रहेगा।


## आज से दीप पर्व की शुरुआत

दीप पर्व 18 से 23 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। कहा जाता है कि कार्तिक मास की अमावस्या की आधी रात में देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं और हर घर में जाती हैं। जिस घर में स्वच्छता और शुद्धता होती है, वे वहां निवास करती हैं।



### 1. धनतेरस

धनतेरस पर कुबेर, यमराज और धन्वंतरी की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस दिन सोना-चांदी और बर्तन खरीदने से वो संपदा अक्षत हो जाती है।




### 2.नरक चतुर्दशी

छोटी दिवाली पर मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन प्रातः काल तेल लगाकर अपामार्ग (चिचड़ी) की पत्तियां जल में डालकर स्नान करने से नरक की यातनाओं से मुक्ति मिलती है।



### 3. दीपावली

दिवाली पर गणेश लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है जिससे बुद्धि और धन दोनों की प्राप्ति होती है। यह मां लक्ष्मी के अवतरण का दिन है। दीपावली पर कुछ चीजें व संकेत दिखना अति शुभ माना गया है।




### 4. गोवर्धन पूजा

दिवाली के अगले दिन कृष्ण रूपी गोवर्धन की पूजा की जाती है और संध्या में मंदिरों में अन्नकूट पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिरों में भगवान को 56 भोग लगाकर प्रसादी बांटी जाती है।



### 5. भाई दूज

यह भाई-बहन के प्रेम से जुड़ा हुआ है। यमुना और यमराज की भैया दूज की कथा पौराणिक महत्व रखती है। भाई-बहनों को उपहार देते हैं और बहन उनके लिए खुशियां ईश्वर से मांगती हैं।






## सरकार ने कमर कसी : पदोन्नति में आरक्षण के मामले में मोहन सरकार की तैयारी तेज

# सीएस जैन ने सभी विभागों की बैठक बुलाकर '23 तक' सबसे रिपोर्ट मांगी

*मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों से कहा कि रिपोर्ट में यह साफतौर पर होना चाहिए कि अब तक किस वर्ग को कितना आरक्षण मिला है और कितना शेष है?*

### यह रिपोर्ट हाईकोर्ट में 28 को होने वाली सुनवाई में होगी पेश


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाईकोर्ट के कड़े रूख की वजह से मप्र के सभी सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति की रूकी पड़ी फाइल एक बार फिर से चल पड़ी है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिवों की शुक्रवार को बैठक बुला ली।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि हर हाल में वे 23 अक्टूबर तक एक्जाई रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि 28 अक्टूबर को हाईकोर्ट में पेश कर सके। इस रिपोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दरअसल, दो दिन पहले ही हाईकोर्ट ने सभी विभागों की एक संयुक्त रिपोर्ट तलब की थी, किंतु सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) महज आधे करीब 30 विभागों की रिपोर्ट ही प्रस्तुत कर पाया था। बाकी 22 विभागों की रिपोर्ट नहीं आई थी। इस पर कोर्ट ने काफी नाराजगी जताते हुए सरकार से कहा कि उन्हें 27 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। इसके बाद अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। इसमें डिटेल रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। कोर्ट ने सरकार से कहा कि उन्हें किसी भी तरह का कोई बहाना नहीं चाहिए, अनिवार्य रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद ही मुख्य सचिव जैन ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर सभी विभागों के अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन विभागों की समय-सीमा में रिपोर्ट नहीं मिलेगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें कोई कोताही नहीं होगी।

### 2016 से लगी है पदोन्नति पर रोक

30 अप्रैल 2016 को मप्र हाईकोर्ट ने मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2002 की वह कंडिका समाप्त कर दी थी, जिसमें प्रमोशन में आरक्षण देने का प्रावधान था। इसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई व सभी पक्षों के जिरह के बाद यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इसके बाद से ही मामला कभी सुप्रीम कोर्ट व कभी हाईकोर्ट में चलता रहा। इस मामले में चूंकि कई याचिकाएं लगी हुई थीं, इस वजह से पूरा मामला पेचीदा हो गया था। इसके करीब 9 सालों बाद सरकार ने नई पदोन्नति नीति जारी की। इस पर भी हाईकोर्ट ने सवाल जवाब कर रोक लगा दी। तभी से यह मामला पेंडिंग चल रहा था।

## बिजली कंपनियों के पेंशनर्स को दीवाली का तोहफा

# पेंशनर्स की महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीवाली का तोहफा देते हुए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीआर) के आदेश जारी किए हैं। अब पेंशनर्स को 6 वें वेतनमान में 6 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि यह आदेश मप्र शासन के 15 अक्टूबर के आदेश के अनुसार जारी किया गया है। महंगाई भत्ता सितंबर का भुगतान अक्टूबर से प्रभावी होगा। इस महंगाई राहत बढ़ोतरी से प्रदेश के 58, 542 विद्युत पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारको को लाभ मिलेगा, तथा कंपनी पर प्रतिमाह लगभग 3 करोड़ 12 लाख रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। आदेश अनुसार सभी पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनधारकों को जिनमें मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनधारकों के साथ मप्र राज्य विद्युत मंडल से एक जून 2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनधारकों भी शामिल है, को 6 वें वेतनमान के अनुसार 252 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 55 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा।

## खबर संक्षेप

### पचमढ़ी में 2 नवंबर से कांग्रेस की ट्रेनिंग




**भोपाल।** मप्र कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अगले महीने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्लास लेंगे। पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में 2 नंबवर से 11 नवंबर तक ट्रेनिंग कैंप चलेगा। सभी 71 जिला अध्यक्ष 10 दिन यहां ही रहेंगे। इस ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत भी आएंगी।

### आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग साइट हुई ठप




**नई दिल्ली।** रेलवे की टिकट ऑनलाइन बुक करने वाली आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर आज फिर डाउन हो गई। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों से दिक्कत हुई। मोबाइल एप का भी यही हाल रहा। करीब आधे घंटे बाद यह सामान्य हो गई। लेकिन इस दौरान लाखों यूजर्स को भारी परेशानी हुई।

### पटाखा दुकानों में लगी आग, 20 दुकानें जलीं



**धार।** जिले के गंधवानी में एक साप्ताहिक बाजार में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। पटाखा दुकानों से शुरू हुई आग ने तेजी से 20 से ज्यादा दुकानों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वहां भगदड़ मच गई। आग से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना बिल्दा गांव में दोपहर करीब 2 बजे की है। स्थानीय लोगों और दमकलों की मदद से शाम 4.30 बजे आग पर काबू पाया जा सका।





















ऑफर सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर उपलब्ध है। croma Reliance digital

@philipshomelivingindia @philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in

**DEALERS BHOPAL:** MANGALAM ELECTRONICS- 0755-4040008; VIRAAT GIFT & ELECTRONICS H.BAD ROAD- 9826802227; VIP DEPARTMENT- 9893414806; VARIETY DEPARTMENTAL STORE- 8878003600; **JABALPUR:** VIJAY STORES- 9826958844; RAJESH ELECTRONIC- 9425156809; FAIR DEAL- 9893498348; SHRI MOHAN ELECTRICALS- 9893005151; **INDORE:** JOHARI ENTERPRISES- 7312535961; SUNSHINE CROCKERY- 9039410344; AZHAR CROCKERY HOUSE- 8839909419; PRIYA SALES- 9229610409; LOTUS ELECTRONICS- 9111300400; **UJJAIN:** RB ZONE- 8982679078; **RAIPUR:** AMIT SALES- 8819900020; ISHA KITCHEN S- 9893366775; UNIVERSAL SERVICES- 9009040000; SURESH BROTHER- 9827162529; SHREE AMIT SALES- 7089175691; NTC APPLIANCES- 9977645474; SURANA SONS- 9203316661; RAJ STEEL SHOP- 7712233281; OM MARKETING- 6261168868; BALAJI KITCHEN MART- 9827900476.




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865; Frontier Honda - 8226001881; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**




# एनडीए में सीएम फेस पर अब भी सवाल तो महागठबंधन के टिके रहने पर ही लगा प्रश्नचिन्ह


### प्रदेश में नेतृत्व के सवाल पर एक इंटरव्यू में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह

## चुनाव के बाद गठबंधन मिलकर तय करेगा मुख्यमंत्री का चेहरा, सीएम नीतीश के नाम पर लड़ रहे चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एनडीए में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? यह अब तक तय नहीं हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद यह बात साफ हो गई है। शाह से एक इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि अगर बिहार चुनाव में एनडीए जीतता है तो क्या आप नीतीश कुमार बनाएंगे? तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है। बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है। नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है।

### कांग्रेस के राज में आतंकवादी खेलते थे खून की होली



शाह ने कहा कि मुझे बताइए, कश्मीर हमारा है या नहीं? जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटना चाहिए था या नहीं? पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। कांग्रेस के राज में आतंकवादी खून की होली खेलते थे।

### शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट दें तो क्या बिहार सुरक्षित रहेगा?

शाह ने राष्ट्रीय जनता दल के टिकट बटवारे को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने शहाबुद्दीन के बेटे को लेकर कहा है कि आरजेडी शहाबुद्दीन के बेटे को चुनाव का टिकट दे तो बिहार सुरक्षित नहीं रह सकता है। सारण में एक जन सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा ने राजद पर निशाना साधा है।

### चुनाव से पहले तय हो जाना चाहिए था चेहरा: मांझी

एनडीए गठबंधन के घटक दल के प्रमुख केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी ने कहा कि शाह एनडीए के प्रमुख नेताओं में आते हैं। उन्होंने कहा है कि उस बात को आधिकारिक ही माना जाएगा। लेकिन, मुझे लगता है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाना चाहिए था। ऐसे में कोई दुविधा नहीं रहती।

रविशंकर ने लालू पर निशाना

### नीतीश ईमानदार हैं, आरजेडी परिवारवाद की कुंठा से ग्रसित



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लालू यादव के भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कहा कि लालू के राज में कोई उनके खिलाफ बोल नहीं सकता था। स्थानीय पत्रकार भी उनके खिलाफ नहीं बोलते थे। नीतीश कुमार ईमानदार हैं, यह सबको स्वीकार करना होगा। लालू यादव और मुलायम सिंह पर परिवारवाद के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय की राजनीति परिवारवाद की कुंठा से ग्रसित हो गई है।

### फडणवीस बोले- यहां एनडीए की हवा चल रही



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बिहार विधानसभा चुनाव पर कहा कि चाहें वो बेगूसराय हो या पूरा बिहार हो, यहां तो एनडीए की हवा चल रही है। एनडी के साथ लोग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बिहार में सबसे ज्यादा प्यार भी रहा है और हमेशा बिहार ने उन पर अपना अधिकार भी जताया है।

### शंका हुई तो बूथ पर बुर्का उठाकर देखा जाएगा: गिरिराज



केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि हमें शंका होगा तो हम बुर्का उठवाएंगे। देश का संवैधानिक स्तर अभी नहीं गिरा है और देश संविधान से चलता है। चुनाव संविधान के तहत होता है, संविधान ने अधिकार दिया है कि अगर शंका होगी तो राजनीतिक दल का पोलिंग एजेंट बुर्का उठाबाएगा। सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नेपो बॉय और ललबबुआ कहा।

### वह महागठबंधन नहीं महाठगबंधन बना राजीव रंजन बोले



केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन नहीं बल्कि "महा ठग बंधन" है, जहां सीटों का बंटवारा गुपचुप तरीके से किया जा रहा है। एनडीए में पांचों पार्टियों के बीच आपसी सामंजस्य है।



### महागठबंधन टूटने के कगार पर

## कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ तेजस्वी ने उतारे कैंडिडेट, अब तक सीटें तय नहीं

चुनावमें महागठबंधन के 'एकजुटता' के दावों को बड़ा झटका लगा है। आरजेडी ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए बाहुबली नेता मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला को लालगंज विधानसभा सीट से चुनावी सिंबल दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी सीट से महागठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस ने पहले ही आदित्य कुमार राजा को अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा है।

### टिकट बंटवारे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने फोड़ा 'बम'

चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर सिरफुटव्वल है। पार्टी के दिग्गज नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कटिहार से वर्तमान सांसद तारिक अनवर ने सार्वजनिक रूप से पार्टी नेतृत्व के फैसलों पर बड़ा सवाल उठाया है।उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं कि जीतने वाले मजबूत उम्मीदवारों को नजरअंदाज किया गया है।

### पीआईपी की डील

#### सहनी नहीं लड़ेंगे चुनाव, 15 सीट के अलावा मिला खास ऑफर

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी की डील अंततः फाइनल हो गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने उन्हें महागठबंधन में उचित सम्मान का भरोसा दिलाया। साथ ही उनके खाते में 15 सीटें दी है। सहनी को राज्यसभा और विकासशील इंसान पार्टी के दो लोगों को विधान परिषद भेजा जाएगा।

#### तेजस्वी पर 22 केस और बेटी के नाम 3 एफडी

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राघोपुर सीट से अपना नामांकन दाखिल किय। उन्होंने हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज कुल 22 मुकदमों की जानकारी दी। तेजस्वी ने बताया कि उनके पास 6.12 करोड़ की चल संपत्ति और 1.88 करोड़ की अचल संपत्ति है। उनकी कुल आय वर्ष 2024-25 में 11,46,610 थी। तेजस्वी के पास 10 बैंक खाते हैं।

### डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी नगर से किया नामांकन

भाजपा के कद्दावर नेता और बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गयाजी नगर विधानसभा सीट से नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और सांसद अनिल सिसोदिया मौजूद रहे।

### लोकप्रिय गायिका मैथिली ने भरा परचा

लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर ने अलीनगर विधानसभा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। वहीं, भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव छपरा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे हैं।

### नामांकन से पहले रोने लगे खेसारीलाल

भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने भी छपरा से बतौर आरजेडी उम्मीदवार अपना नामांकन किया। इस मौके पर वह बेहद भावुक दिखे। बतौर उम्मीदवार ये उनका पहला चुनाव है।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप को भी मिला टिकट

मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी कुमार तिवारी को जनसुराज पार्टी ने चनपटिया से उम्मीदवार बनाया है। कश्यप ने कहा कि जनसुराज पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा दिखाय ाहै पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर का धन्यवाद करता हूं।

### जन सुराज के अखिलेश अचानक गायब

दानापुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी अखिलेश कुमार के अचानक गायब हो जाने की खबर है। उन्हें अगवा किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। अखिलेश चुनाव के लिए समर्थकों के साथ नामांकन करने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे थे।

### तेजस्वी के समर्थकों ने पप्पू यादव को खदेड़ा

तेजस्वी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे पप्पू यादव को आरजेडी उम्मीदवार के समर्थकों ने खदेड़ दिया। पप्पू यादव लालगंज से कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन में शामिल होने आए थे।

## खबर संक्षेप

### केरल हिजाब विवाद में छात्रा ने छोड़ा स्कूल



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि स्थित एक स्कूल में छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति नहीं देने का विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि अब छात्रा ने स्कूल छोड़ने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने स्कूल से छात्रा के हिजाब पहनने के अधिकार का सम्मान करने की बात कही थी। अब शिक्षा मंत्री ने कहा स्कूल सरकार के प्रति जवाबदेह है।

### कॉलेज वॉशरूम में दुष्कर्म के आरोप में छात्र अरेस्ट



**बेंगलुरु।** यहां के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा के साथ उसके जूनियर छात्र ने कॉलेज परिसर के पुरुष वॉशरूम में कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोपी छात्र बीई के 5वें सेमेस्टर में पढ़ता है। पीड़िता को पहले से जानता था, जो उसी पाठ्यक्रम में सातवें सेमेस्टर में पढ़ती है। अब आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बुजुर्गों को अब हर महीने मिलेगी 3200 रु. पेंशन



**चंडीगढ़।** हरियाणा में नायब सैनी सरकार का एक साल पूरा होने पर सीएम नायब सैनी ने बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने बुढ़ापा पेंशन 3000 से बढ़ाकर 3200 रुपए कर दी है। ये घोषणा 1 नबंवर से लागू होगी। पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में यह घोषणा हुई। 1 जनवरी 2024 को पेंशन 2,750 से बढ़ाकर 3,000 की गई थी।

### गुजरात में 2 बसों की टक्कर, 2 ने तोड़ा दम



**नई दिल्ली।** गुजरात के पारडी बाईपास पर शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां 2 बसों की टक्कर में 2महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गोधरा सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि बसों की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, वहीं 5गंभीर रूप से घायल हैं।

### गुजरात में नए मंत्रिमंडल ने ली शपथ, सीएम वही केवल कैबिनेट नई

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई

## सांघवी राज्य के नए डिप्टी सीएम बनाए गए वहीं रिवाबा को भी मंत्रीपद मिला

सांघवी 3 बार के विधायक हैं और मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को दोबारा कैबिट में शामिल किया है

**सीएम भूपेंद्र पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए**



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में नए मंत्रिपरिषद का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हर्ष सांघवी को राज्य का नया डिप्टी सीएम बनाया गया है। हर्ष सांघवी 3 बार के विधायक हैं और फिलहाल मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसके बाद सीएम भूपेंद्र पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए हैं। पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायक अर्जुन मोढवाडिया को भी मंत्री बनाया गया है। विसनगर विधायक रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को फिर से मंत्रीपरिषद में शामिल किया गया है।

**कांग्रेस से आए अर्जुन भी मंत्री बने**

### इन्हें भी मिली मंत्रिपरिषद में जगह



कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, कांतिलाल अमरुतिया और मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को ग सीएम भूपेंद्र को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जीतू वाघाणी, डिप्टी चीफ व्हिप कौशिक वेकारिया, स्वरूपजी ठाकोर, टीकाराम छंगा, जयराम गमित, रिवाबा जडेजा, पीसी बारांढा,रमेश कटारा, ईश्वरसिंह पटेल, प्रवीण माली, रमनभाई सोलंकी, कमलेश पटेल, संजय सिंह महिढा को भी शामिल किया है।

### 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं शामिल

नई कैबिनेट में 26 विधायकों को मंत्री बनाया गया है, जिनमें 3महिलाएं शामिल हैं। पटेल समाज से 8 मंत्रियों को जगह मिली है। 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं भी शामिल हैं। पटेल की सरकार में 19 नए चेहरों को जगह मिली है।

### आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज किया फेरबदल

गुजरात सरकार के मंत्रिपरिषद में यह फेरबदल भाजपा के मिशन 2027 के लिहाज से अहम माना जा रहा है। पार्टी आगामी निकाय चुनाव में नए सामाजिक समीकरणों को परखने की तैयारी कर रही है। पार्टी का मानना है, युवा विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने से युवा नेताओं का हौसला और सरकार में ओबीसी-पाटीदार प्रतिनिधित्व बढ़ा है। आगामी चुनाव में भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा गुजरात में सुनिश्चित करना चाहती है कि पाटीदार समुदाय के साथ ओबीसी और शहरी वर्ग का संतुलन बना रहे। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर रही है।

### कुछ मंत्रियों की ग्राउंड रिपोर्ट नहीं थी ठीक

माना जा रहा है कि सीएम से गुजरात के लोग खुश हैं लेकिन मंत्रियों की ग्राउंड रिपोर्ट ठीक नहीं है। दूसरी वजह स्थानीय निकाय के चुनाव हैं जो बहुत जल्द होने वाले हैं। इसके साथ साथ बीजेपी कुछ पुराने दिग्गजों की भी वापसी की तैयारी कर रही थी। साथ ही जिन मंत्रियों को हटाया गया है, उन्हें बड़े पद दिए जाएंगे।

### पीएम मोदी संग बड़ी बैठक में की थी बात



गुजरात में इस सर्जरी की मुहर रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के साथ राज्य के नेताओं की बैठक में लग गई थी। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात भाजपा के नेतृत्व, मुख्यमंत्री, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल थे, उनके साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में कैबिनेट विस्तार समेत संगठन की भूमिकाओं में नए चेहरों को शामिल करने पर चर्चा हुई थी। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि कार्यभार संभालने वाले सभी नए चेहरे लोगों से जुड़ें और अपनी भूमिका संभालने के तुरंत बाद उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दें।

### सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर पर फैसला

## महिला शिक्षक को मुआवजा दें लैंगिक पहचान से गई थी नौकरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसजेंडर महिला शिक्षक को मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रांसजेंडर महिला शिक्षक को उसकी लैंगिक पहचान के चलते उत्तर प्रदेश और गुजरात के दो निजी स्कूलों द्वारा नौकरी से निकाल दिया गया था। जस्टिस जेबी पारदीवाला, की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह फैसला ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व जज जस्टिस आशा मेनन के नेतृत्व में एक समिति भी गठित की है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने जेन कौशिक बनाम भारत सरकार मामले में सरकार की तरफ से नीति बनाए जाने तक ट्रांसजेंडरों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कौशिक के साथ हुए व्यवहार और नौकरी से निकाले जाने पर मुआवजे देने का आदेश दिया है।

### समान अवसर व समावेशी चिकित्सा देखेगी समिति

यह समिति समान अवसर, समावेशी चिकित्सा देखभाल, लैंगिक विविधता और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों पर विचार करेगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने जेन कौशिक द्वारा दायर एक रिट याचिका पर यह फैसला सुनाया। जेन कौशिक को उनकी ट्रांसजेंडर पहचान के कारण दो निजी स्कूलों की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जस्टिस पारदीवाला ने कहा, 'जब तक सरकार कोई नीति दस्तावेज जारी नहीं करती, तब तक हमने दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। अगर किसी प्रतिष्ठान के पास दिशानिर्देश नहीं हैं, तो हमने निर्धारित किया है कि केंद्र सरकार द्वारा नीति जारी होने तक आप इन दिशानिर्देशों का पालन करेंगे। इसके किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं हो सकेगा।

### समिति में इन्हें किया गया शामिल

समिति के अन्य सदस्यों में कर्नाटक स्थित ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता अकाई पद्मशाली, दलित अधिकार और ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता ग्रेस बानू, तेलंगाना स्थित ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता वैजयंती वसंत मोगली, जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर गौरव मंडल, बंगलूरू स्थित सेंटर फॉर लॉ एंड पॉलिसी में वरिष्ठ एसोसिएट नित्या राजशेखर और एसोसिएशन फॉर ट्रांसजेंडर हेल्थ इन इंडिया के सेवानिवृत्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजय शर्मा होंगे।

### दिल्ली हाईकोर्ट का केंद्र को झटका

## वानखेड़े के प्रमोशन के मामले में छिपाए तथ्य, याचिका रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े की पदोन्नति से जुड़े एक मामले में केंद्र सरकार को झटका देते हुए 20,000 का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि केंद्र ने अहम तथ्य छिपाए। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार की उस पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरणके वानखेड़े को पदोन्नति देने के आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि समीर वानखेड़े के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच लंबित है और उन पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी हासिल करने का आरोप है।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वानखेड़े न तो कभी निलंबित किए गए और न ही चार्जशीट दाखिल की गई है। कोर्ट ने पाया कि सरकार ने यह जानकारी छिपाई थी।

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी एसोचैम की बैठक में बोले

## भारत की लॉजिस्टिक्स लागत दिसंबर तक एकल अंक में होगी

**देशभर में तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों ने निभाई भूमिका**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट (परिवहन लागत) इस साल दिसंबर तक सिंगल डिजिट यानी 9 प्रतिशत तक आ जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कमी देशभर में तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों की वजह से संभव हो पाई है। गडकरी एसोचैम वार्षिक सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बंगलूरू की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार,भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट पहले 16 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 10 प्रतिशत रह गई है। इससे भारत का उद्योग और निर्यात दोनों और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इससे हमारे उद्योग को 100 प्रतिशत फायदा होगा।



### भारत की प्रगति अमेरिका,यूरोप व चीन जैसी होगी

उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स कॉस्ट अमेरिका और यूरोप में करीब 12 प्रतिशत, जबकि चीन में 8-10 प्रतिशत के बीच है। ऐसे में भारत भी अब इन देशों के बराबर पहुंचने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर को लेकर बड़ा लक्ष्य

गडकरी ने भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को लेकर कहा कि 5साल में हमारा लक्ष्य है कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री दुनिया में नंबर 1 बने। जब उन्होंने मंत्रालय संभाला था, तब भारतीय ऑटो इंडस्ट्री का आकार 14 लाख करोड़ था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ हो गया है। यह सेक्टर आज 4 लाख युवाओं को रोजगार दे रहा है और केंद्र व राज्य सरकारों को सबसे ज्यादा जीएसटी भी यही उद्योग देता है।

### ईंधन आयात पर निर्भरता घटाने की जरूरत

गडकरी ने कहा कि भारत की फॉसिल फ्यूल (तेल और गैस) पर निर्भरता देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ डाल रही है। क्योंकि हर साल करीब 22 लाख करोड़ सिर्फ ईंधन आयात में खर्च होते हैं। इसके साथ ही यह पर्यावरण प्रदूषण का भी बड़ा कारण है। इसलिए अब देश के लिए क्लीन एनर्जी (स्वच्छ ऊर्जा) अपनाना बहुत जरूरी हो गया है।

### कृषि क्षेत्र को जीडीपी का इंजन बनाने की जरूरत

मंत्री ने कहा कि अगर भारत को तेजी से आगे बढ़ाना है, तो कृषि क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने कॉर्न (मक्का) से बायो-इथेनॉल बनाने की अनुमति दी थी, जिससे किसानों की कमाई में भारी इजाफा हुआ है।

### बिचक रहे ग्राहक, नहीं बिक रहे देसी खाद्य पदार्थ

# मिलावट की जांच से ज्यादा दहशत का माहौल



जबलपुर।

त्योहारों के मौसम में जबलपुर के बाजारों में रौनक के बीच प्रशासन की बढ़ती छापेमार शैली की कार्रवाई ने शहर के बाजारों में खलबली मचा दी है। शहर के कई इलाकों में एक के बाद एक दुकानों और मिठाई प्रतिष्ठानों पर की जा रही कार्रवाई से व्यापारी समुदाय नाराज़ है। उनका कहना है कि प्रशासन का यह कदम न केवल गलत समय पर उठाया गया है, बल्कि इससे स्थानीय कारोबार पर भी गहरा असर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से खाद्य सुरक्षा और प्रशासनिक टीमों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई ऐसे समय में की जा रही है जब पूरे शहर में दीपावली और शादी सीज़न की तैयारी चल रही है।

एक व्यापारी ने कहा, पूरी मंडी सालभर मेहनत करती है, त्योहारों के वक्त व्यापार का सीज़न आता है। अगर जांच करनी थी तो एक महीना पहले कर लेते — व्यापारी खुद सहयोग कर देते। लेकिन त्योहारों के ठीक पहले दुकान में अचानक घुसकर छापेमारी करना कारोबार के लिए नुकसानदायक है। जांच करना है तो अचानक एक कर्मचारी भेज कर सेम्पल ले जाओ, उसकी जांच करो, गलत पाया जाए सील करो, लेकिन अचानक भरी दुकान में घुस जाना गलत है. आमजन में यह संदेश जाता है की जैसे हम मिलावटखोर हैं और खरीददार वापस नहीं लौटते।

### छापेमारी शैली गलत

व्यापारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर कई सवाल उठाए हैं, व्यापारियों का कहना है की त्योहारों के दौरान ग्राहकी अपने चरम पर होती है। इस वक्त की गई छापेमारी से व्यापार ठप हो जाता है। छापेमारी शैली के बाद यह माहौल बनता है कि स्थानीय देसी मिठाइयाँ और खाद्य पदार्थ मिलावटी हैं, जिससे लोग भरोसा खो देते हैं और ब्रांडेड पैक्ड सामान खरीदने लगते हैं। व्यापारी मानते हैं कि नियमों का पालन होना चाहिए, लेकिन अचानक दुकान में घुसकर छापेमारी करने के बजाय समन्वय से कार्रवाई होनी चाहिए थी।

### देसी नहीं, पैक्ड सामान में ज्यादा मिलावट

एक स्थानीय मिठाई विक्रेता ने बताया, "हमारे यहाँ देसी घी और दूध से मिठाई बनती है। असली मिलावट तो पैकेट वाले सामान में होती है। लेकिन प्रशासन जब हमारे यहाँ छापे मारता है तो ग्राहक डर जाते हैं, और हमारी बिक्री आधी रह जाती है।"

### चेम्बर और संगठन मौन

जबलपुर में तीन प्रमुख व्यापारी संगठन — महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स, जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स और संस्कारधानी चेम्बर ऑफ कॉमर्स — सक्रिय हैं, परंतु इस पूरे विवाद में तीनों का रुख अब तक मौन बना हुआ है। छोटे व्यापारिक समूहों और दुकानदारों का कहना है कि इन चेम्बरों को आगे बढ़कर व्यापारियों के हित में प्रशासन से बातचीत करनी चाहिए।

### प्रशासन की दलील

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के समय मिलावट रोकथाम के लिए यह नियमित अभियान है। हालांकि व्यापारियों का आरोप है कि इन कार्रवाइयों से "मिलावट की जांच" से ज़्यादा "दहशत का माहौल" बनता है।कई बाजारों में व्यापारी अब सामूहिक रूप से प्रतिनिधिमंडल बनाकर प्रशासन से चर्चा की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि अगर जांच वाकई ज़रूरी है तो उसे सहयोग और योजना के साथ किया जाए ताकि छोटे व्यापारियों की रोज़ी-रोटी पर असर न पड़े।



## पंद्रह गेम वाली त्रिस्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 16 साल से ऊपर आयु वाले खिलाड़ी भाग लेंगे

**जबलपुर।** सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, स्पोर्टस ऑफिसर आशीष पांडे सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सांसद खेल महोत्सव की संपूर्ण कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि यह खेल तीन स्तरों पर आयोजित होंगे। जिसमें ग्राम व वार्ड स्तर पर चयनित प्रतिभागी विकासखंड स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे और वहां से चयनित प्रतिभागियों के बीच जिला स्तर पर प्रतिस्पर्धा होगी। इस खेल महोत्सव में 15 खेलों को चयनित किया गया है। इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष व महिला भाग ले सकेंगे। यह खेल महोत्सव ग्राम स्तर पर 12 से 31 अक्टूबर तक, विकासखंड स्तर पर 27 से 30 नवम्बर तक तथा जिला स्तर पर 08 से 12 दिसम्बर तक आयोजित होगा। सांसद खेल महोत्सव के प्रति जागरूकता के लिए 07 दिसम्बर को पैदल यात्रा की जायेगी। इस खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, रस्सा कसी, बास्केटबॉल, हॉकी, योगासन, मलखम व वुशु होंगे। सांसद श्री दुबे ने कहा कि इस खेल महोत्सव में अन्य परम्परागत खेलों को भी शामिल किया जाये। बैठक में इस खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा कर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कहा गया।

## जुए के 2 फड़ों से 21 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर।** दिवाली में पुलिस अब जुआड़ियों के पीछे पड़ गई। अभी छोटे छोटे फड़ो पर छापे मारे जा रहे हैं । बड़े फड़ की पुलिस को तलाश हैं। पाटन और भेड़ाघाट पुलिस ने दो जुए के फड़ों पर छापा मारकर 21 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 18 हजार 180 रुपए जब्त किए है। पाटन थाना प्रभारी गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम सकरा में खाली मैदान में नेट बिछाकर मोबाइल टॉर्च के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे राकेश जैन, गोविन्द यादव, देवेन्द्र यादव, प्रदीप जैन, पुष्पेन्द्र खरे, अमित नेमा, गोविन्द सिंह राजपूत, उमेश गौंड ठाकुर, सुखदेव यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52 पत्ते, 14 हजार 230 रूपये, 9 नग मोबाइल, नेट जप्त किए है।इसी तरह भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम गड़र पिपरिया नहर के पास बिजली खम्बे के नीचे लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे ईश्वर दास पटेल , संतोष प्रधान, नीरज लडिया, सच्चू उर्फ सचिन गौड़, गेंदालाल कोल, राजकुमार रैकवार, अभिषेक पटेल, अशोक चौधरी, नरेश सिंह गौड, अविनाश चड़ार, रज्जन पटेल, संदेश जैन को रंगे हाथो पकड़कर उनके पास से नगद 3950 रूपये एवं ताश पत्ते जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।





# विजय नगर चौपाटी से अतिक्रमण हटाये गये

### गहमागहमी के बीच व्यापारियों ने किया चक्काजाम

जबलपुर।

शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम के तहत शुक्रवार को नगर निगम का अतिक्रमण का विरोधी दस्ता विजय नगर स्थित चौपाटी पहुंचा, जहां अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। निगम की टीम बुल्डोजर लेकर जैसे ही मौके पर पहुंची, चौपाटी में ठेले और टपरे लगाने वाले व्यापारी भी वहां पहुंच गए और जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।कार्रवाई की भनक लगते ही कई व्यापारियों ने बीच सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। माहौल तनावपूर्ण होता देख निगम अधिकारियों ने स्थिति संभालने की कोशिश की और ठेला संचालकों को दो घंटे की मोहलत दी ताकि वे अपना सामान समेट सकें। गहमागहमी के बीच नगर निगम ने चौपाटी खाली करा दी। दरअसल यहां के स्थानीय निवासियों द्वारा चौपाटी से लगातार हो रही क्षेत्र की अराजक व्यवस्था को लेकर नगर निगम में क्षेत्रीय लोगों द्वारा शिकायत की गई थी इसके बाद नगर निगम चेता, और कार्रवाई की। बताया गया है कि अन्य क्षेत्रों के लोग यहां ठेले टपरे लगाने लगे जिससे यातायात भी बाधित होने लगा। जबकि स्थानीय लोगों को स्थान आबंटित किए गए। कहा जा रहा है कि जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद में यह तय हुआ कि दीवाली के बाद चौपाटी के लिए स्थानीय चिन्हित कर स्थानीय दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जाएगी। फिलहाल किसी भी कीमत पर ठेले टपरे नहीं लगने दिए जायेंगे। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि त्योहार के समय इस तरह की कार्रवाई से उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। एक व्यापारी ने कहा, "हम सालों से यहां दुकानें चला रहे हैं, अचानक बुल्डोजर चलाकर हमारे परिवार की कमाई बंद करना अन्याय है।"

स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए चक्काजाम कर रहे लोगों को सड़क से हटाया और यातायात बहाल कराया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से, सहायक अधिकारी अखिलेश भदौरिया, दल प्रभारी लक्ष्मण कोरी सहित भारी संख्या में निगम और पुलिस अमला मौजूद रहा। विवाद के चलते चौपाटी क्षेत्र में दिनभर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि देर शाम तक स्थिति सामान्य हो गई।

### त्योहारों के दौरान यात्री सुरक्षा व सुविधा के निर्देश

# डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण



जबलपुर।

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया. डीआरएम कमल तलरेजा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार के साथ अन्य अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे.

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर में यात्रियों के लिए की गई तैयारियों का गहन जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से प्रवेश एवं निकास द्वारों, यात्री होल्डिंग एरिया, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, सुलभ शौचालयों, बैठक व्यवस्था, डिजिटल सूचना बोर्ड, घोषणा प्रणाली , पैदल पुल तथा अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान सभी शाखा अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में मैदान-स्तरीय बैठक आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने आने वाले त्योहारी दिनों में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवाजाही के लिए कई दिशा-निर्देश जारी दिये।

## विद्युत कंपनियों के पेशनर्स को महंगाई भत्ते के आदेश जारी

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीवाली का तोहफा देते हुये पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीआर) के आदेश जारी कर दिए है। अब पेंशनर्स को 6वें वेतनमान में 6 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार दिनांक 15 अक्टूबर के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 सितम्बर 2025 (भुगतान अक्टूबर 2025) से प्रभावी होगा।

**चार विधानसभा में चला हस्ताक्षर अभियान, दिल्ली जायेंगे 35 हजार से ज्यादा हस्ताक्षर युक्त फार्म**

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का दिखने लगा असर



**जबलपुर।** वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान के तहत म.प्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय यादव ने ग्रामीण क्षेत्र की चार विधानसभाओं में 10 दिवसीय सघन दौरा किया और आम सभाओं को संबोधित कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की वोट चोरी से अवगत कराया। ग्रामीणों ने वोट चोरी पर निंदा व्यक्त करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी की सराहना की और विरोध स्वरुप हस्ताक्षर किये।अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि ग्रामीणों में जबर्दस्त उत्साह रहा और मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए लक्ष्य पर शहर कांग्रेस कमेटी को पीछे छोड़ते हुए ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने लगभग 35 हजार ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराये जो कि प्रशंसनीय है। वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान के तहत जबलपुर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अव्वल रहा है, इस अभियान में अध्यक्ष संजय यादव के साथ ग्रामीण क्षेत्र के सभी ब्लाक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## होटल के कमरे में सल्फास खाकर की युवक ने आत्महत्या

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत निधिवन होटल पनागर के कमरा नम्बर 105 में जहरीली वस्तु का सेवन कर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिसैंधी निवासी 39 वर्षीय चंद्रेश केवट गत 15 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे घर से बिना बताए निकला था, जो वापस नहीं आया था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने दूसरे दिन थाना पनागर में की थी। उसके बाद शाम निधिवन होटल पनागर से फोन आया कि चंद्रेश केवट ने गत 15 अक्टूबर की रात को एक कमरा नम्बर 105 बुक कराकर ठहरा था जो अभी तक कमरे से बाहर नहीं निकला है दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई आवाज नही आ रही है। जानकारी मिलने पर उसके परिजन निधिवन होटल पहुंचे जहां कर्मचारियो के साथ दरवाजा तुड़वाकर देखा तो चंद्रेश बिस्तर में मृत अवस्था में पड़ा था कमरे के फर्श पर उल्टी पड़ी थी।चंद्रेश के कमरे की टेबल पर सल्फास की शीशी मिली है। जिसे देखकर मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस परिजनों सहित अन्य करीबी लोगों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# भारत विश्व का सबसे समृद्ध देश बनेगा : राकेश सिंह

### भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत पशिचम क्षेत्र का विधानसभा



**जबलपुर।** दुनिया में कई शताब्दी पूर्व भारतवर्ष ही सबसे आत्मनिर्भर देश था पर कालांतर में विदेशी आक्रांताओ ने भारत को लुटा और आज़ादी के बाद की सरकारों ने अपनी नीतियों के कारण स्वदेशी को बढ़ने नहीं दिया था जिससे हम छोटी छोटी वस्तुओं के लिए भी दूसरे देशो पर निर्भर हो गए, आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को मजबूत बनाकर स्वदेशी उत्पादों को अपना कर हम अपने हिस्से योगदान दे और दुसरो को भी प्रेरित करें ताकि देश की वही सदियों पुरानी ताकत वापस आ सके हम पूर्ण समृद्ध हो सकें, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पश्चिम विधानसभा के सम्मलेन को सम्बोधित करते हुये कही।पश्चिम विधानसभा के सम्मलेन में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, अभियान के जिला संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार, वरिष्ठ नेता राजकुमार मेहता, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, अभय सिंह ठाकुर, रोहित जैन, प्रशांत केशरवानी, कांत साहू, रूपा राव, शिवा चौधरी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संतोष यादव, प्रशांत दुबे गुल्लन, प्रणय गुप्ता, नरेश पटेल मंचासीन थे। विधानसभा सम्मलेन को सम्बोधित करते हुये मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि 12वीं शताब्दी तक आत्मनिर्भर भारत था। पूरी दुनिया की जीडीपी का 33% भारत का योगदान था और जब अंग्रेज भारत आए तब भी भारत 25%जीडीपी से मजबूत था पर पहले अंग्रेजो ने भारत के निर्यात को रोका और आजादी के बाद जिनकी सरकार आई उनका अपना विचार था जिसके कारण निर्यात से ज्यादा आयात होने लगा। सिंह ने कहा जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से पीढ़ीत थी तब प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के विषय लाल किले से कहा कि हम अपने देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे और उन्होंने उस आपदा में आवश्यक वस्तुओं जिन्हे हम दूसरे देशो से आयात करते थे उसे देश में बनाने का आग्रह किया और उसका सुखद परिणाम भी हमें देखने मिला। सिंह कहा प्रधानमंत्री ने आपदा को अवसर में बदलने का प्रयास किया और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया और आज भारत का चित्र बदल रहा है हम रक्षा, आटोमोबाईल, चिकित्सा उपकरण, कृषि उपकरण के साथ साथ दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओ का न सिर्फ उत्पादन कर रहे है बल्कि उनका निर्यात भी कर रहे है, हम सबसे बड़े बाजार के रूप में दुनिया में स्थापित है इसीलिए हमें संकल्प लेना ही होगा कि हम स्वदेशी को ही प्राथमिकता देंगे और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। सिंह ने कहा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी, ने देशवासियों से आह्वान किया है कि हम जो भी खरीदें वह पूर्णतः स्वदेशी होना चाहिए। ऐसी वस्तुएं खरीदें, जिनमें हमारे देशवासियों की मेहनत और भारत की मिट्टी की महक हो। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी के अभियान को घर-घर तक पहुंचाना है। दीपावली के इस पर्व को स्वदेशी दीपावली के रूप में मनाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने विधानसभा सम्मलेन को सम्बोधित करते कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया जिसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध है हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी के अंतर्गत दीपावली में हम संकल्प लेकर बाजार जाए कि सिर्फ अपने देश में वस्तुओं का ही उपयोग करें स्वदेशी खरीद कर हम अपने देश का पैसा अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगाकर अपने राष्ट्र के उत्थान में प्रतिभागी बने।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में एरोड्रम कमेटी की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में डुमना एयरपोर्ट पर एरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एयरपोर्ट डायरेक्टर राजीव रतन पांडे सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में एयरपोर्ट व नागरिक उड्डयन में अवैधानिक हस्तक्षेप को रोकने के लिए अपनाये जाने वाली विभिन्न उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अवांछित घटना की स्थिति में जिला प्रशासन से त्वरित रूप से सहयोग की अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गई।एयरपोर्ट या नागरिक उड्डयन में यदि कभी अवैधानिक घटनाक्रम या हाईजैकिंग जैसी स्थिति बनती है तो इसके प्रबंधन के लिए गठित चार कमेटियों में से एक एरोड्रम कमेटी भी है। यह कमेटी ऐसी आपातकालीन स्थितियों में एटीसी से सूचना प्राप्त होते ही बिना देरी किये नागरिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी।



## ग्राहकों के लिए दुल्हन की तरह सजा बाजार

# पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत आज

### भगवान धनवंतरी की पूजा आज

पौराणिक मान्यतानुसार सागर मंथन के समय भगवान विष्णु के अंश से धन्वंतरि (धन-त्रयोदशी) के दिन ही अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। जिसे प्राप्त करने के लिए देवता और असुर तेजी से लपके थे। जिससे अमृत कलश से कुछ बूंद पृथ्वी पर छलक पाईं। इसी से अनेक औषधीय वनस्पतियों का प्रादुर्भाव हुआ था। अमृत कलश को भगवान विष्णु को सौंप दिया गया। तब से स्वास्थ्य के देवता के रूप में आज के दिन धन्वंतरि की पूजा-अर्चना विशेष रूप से की जाती है। प्राचीन मान्यता अनुसार धन्वंतरि की पूजा-अर्चना से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। भगवान धन्वंतरि का उल्लेख महाभारत एवं पुराणों में मिलता है। भागवत पुराण में धन्वंतरि को भगवान विष्णु का 12वां अवतार बताया गया है। । इस दिन सोना-चांदी व बर्तन खरीदने की परंपरा रही है।

### मिट्टी की दीए की मांग अधिक

धनतेरस पर खरीदारों के स्वागत की जमकर तैयारी की गई है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स, आभूषण प्रतिष्ठानों की सुंदरता देखते ही बनती है। बिजली सामग्री,एलइडी लाइट, बल्ब, दीप, मोमबत्ती, फूल और मिठाईयों की तरह-तरह की रेंज दुकानों की शोभा बढ़ा रही हैं। मिट्टी के दीए की मांग इस बार अधिक है और हर कोई देश में बनी ही चीजें खरीदने के उत्सुक नजर आ रहे है।

**हरिभूमि सिहोरा।**

इस बार पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत आज धनतेरस 18 अक्टूबर से हो रही है जो 23 अक्टूबर तक चलेगी धनतेरस को लेकर शहर के ज्वेलर्स,बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान दो पहिया चार पहिया वाहन एजेंसी सहित अन्य प्रतिष्ठान दुल्हन की तरह सजधज कर तैयार है। इस बार जीएसटी कम होने का असर भी बाजार में देखने को मिलेगा और लोग गत वर्ष की अपेक्षा इस बार ज्यादा खरीददारी करेंगे।

### ग्राहकों को लुभाने आकर्षक उपहार

खिलौनों की बाजार में काफी चहल-पहल रही आज धनतेरस पर आभूषण,इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, वाहन,बर्तन सहित अन्य वस्तुओं की जमकर खरीदारी होगी।अधिकांश प्रतिष्ठानों पर विशेष आकर्षक उपहार खरीदारों को आकर्षित कर रहा हैं। शहर के प्रतिष्ठानों के संचालकों में इस वर्ष धनतेरस को लेकर काफी उत्साहित है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बेहतर कारोबार का उम्मीद जता रहे है।

### सिहोरा में बनी मूर्तियों की मांग ज्यादा

दीपावली के दिन पूजा के लिए भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति धनतेरस के दिन खरीदारी की मान्यता रही है। जिससे यहां मूर्ति बाजार में स्थानीय मूर्तिकारों तैयार के अलावा कोलकाता में निर्मित लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां सज गई है। स्थानीय स्तर पर तैयार मूर्तियों को लोग पसंद कर रहे हैं। अनेकों लोग सोने-चांदी से बने गणेश-लक्ष्मी की खरीदारी करते है। स्थानीय मूर्तिकारों द्वारा बनाई गई लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां 100 से 150 रुपये में मिल रहे है। वहीं बाहर से मंगाई गई प्लास्टर आफ पेरिस की मूर्तियां 200 से 500 रूपये तक में मिल रही है।

### भीड़-भाड़ वाले जगहों पर होगी पुलिस तैनात

सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया धनतेरस पर शहर के झंडा बाजार,काल भैरव चौक,गढ़िया मोहल्ला,आजाद चौक,सरावगी मोहल्ला सहित अन्य स्थानों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी।

## शासकीय माध्यमिक शाला गठोरा में दीपक सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



**मझौली।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला गठोरा, मझौली में दीपावली के उपलक्ष्य में दीपक सजावट एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्रधान अध्यापक श्री उदय चंद पटेल एवं श्री रोहित शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या पटेल ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान प्रीति पटेल को मिला एवं तृतीय स्थान कल्पना पटेल ने हासिल किया। वहीं दीपक सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहाना ठाकुर ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान एकता गोस्वामी को मिला तथा तृतीय स्थान सत्यम बर्मन रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि शिक्षक श्रीमती सारिका दुबे, श्री सचिन मांझी एवं श्री सद्दाम रंगरेज का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

## सुदामा चरित्र में लीन हुए अम्बे कॉलोनीवासी



**पनागर।** अम्बे कॉलोनी मेन रोड स्थित चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने मिल रहा है। इस भक्तिमय आयोजन के सातवें दिन सुदामा चरित्र, शुक्रदेव पूजन, परीक्षित मोक्ष पर आधारित कथा सुनाई गई। कथा वाचक पं. बैकुंठवासी श्री श्री 1008 स्वामी संकर्षण प्रपन्नाचार्य जी के कृपापात्र श्री श्री 1008 राजगुरू स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज मुखारबिंद से कथा का श्रवण करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अमृतमय वाणी और भावपूर्ण भजनों से वातावरण भक्ति रस में सराबोर है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रोतागण नाचते-गाते भावविभोर हो होकर भक्ति में लीन हो रहे हैं। आयोजन स्थल पर श्रद्धालु सुगमता से कथा श्रवण कर रहे हैं। प्रतिदिन प्रसाद वितरण और मनमोहक झांकियां भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। झाकियों में भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम, वामन अवतार और गोवर्धन लीला के अद्भुत चित्रण देखने को मिल रहे हैं। कथा श्रवण में चंदशेखर मिश्रा, आशीष मिश्रा, हीरा लाल मिश्रा, राजेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, मनीष परौहा, अनिल परौहा, अमित, प्रदीप पांडे, अनमोल उरमलिया,मदन तिवारी समेत सभी भक्त गण एवं कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

## स्वयं के आनंद के लिए 'अल्पविराम' कार्यशाला संपन्न

**मझौली।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत सभागार में अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मझौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेज प्रताप सिंह, जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया तथा विकासखंड समन्वयक तृप्ति मिश्रा ने मंचासीन होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संचालन काशी विकास ग्राम समिति के अध्यक्ष सनिल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना आनंद विभाग से आए मास्टर ट्रेनर जी.डी. कांबले, अर्चना शर्मा एवं दीप्ति ठाकुर ने रखी। उन्होंने विभिन्न सत्रों में प्रतिभागियों को आनंद, आत्मचिंतन एवं मानसिक शांति से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहभागी बने। सभी ने 'अल्पविराम' प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं को जानने और मानसिक संतुलन प्राप्त करने का प्रयास किया। प्रतिभागियों ने कहा कि यह सत्र आत्मशांति एवं सकारात्मक सोच विकसित करने में अत्यंत सहायक रहा कार्यक्रम में डॉ. दीपक गायकवाड, नीरज दुबे, मनीष अवस्थी, सतीश पाठक, सचिन नामदेव, पूनम चौबे, मेघा तिवारी, आनंद साहू, विनीता गौड़ तथा सचिन तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जिला की मांग पर कल खून के दिए जलाएंगे सिहोरा वासी

**सिहोरा।** सिहोरा जिला बनाए जाने का आंदोलन लगातार जारी है।विधायक सांसद बार बार केवल आश्वासन देते है।नाराज सिहोरा वासियों ने दीपावली से एक दिन पूर्व कल 19 अक्टूबर को सिहोरा बस स्टेंड में खून के दिए जलाकर अपना विरोध व्यक्त करने की घोषणा की है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अक्टूबर रविवार की शाम 6 बजे से पुराना बस स्टैंड सिहोरा में सिहोरा वासी एकत्र होंगे।पिछले चार वर्षो से जिस स्थान पर आंदोलन किया जा रहा है उसी स्थान पर सिहोरा वासी अपना खून निकालकर दीपकों में भरेंगे और फिर उन्हीं खून से भरे दीपकों को जलाकर सिहोरा की लगातार होती उपेक्षा को प्रदर्शित किया जाएगा। लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति ने सभी से शाम 6 बजे पुराना बस स्टेंड पहुंचने की अपील की है।

## जनेकृविवि में दो दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रारंभ



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से बहुउद्देशीय भू परिदृश्य (आई. डब्ल्यू, एम. आई.) परियोजना अंतर्गत कृषकों की सतत आजीविका के लिए एकाधिक उद्यमों से क्षमता निर्माण हेतु मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला के मुख्यआतिथ्य एवं समन्वित कृषि प्रणाली, सस्य विज्ञान विभाग, की विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता जैन के निर्देशन में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्यअतिथि संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला ने मधुमक्खी पालन को कृषकों को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनिता बब्बर ने मधुमक्खी पालन से मिलने वाले विभिन्न उत्पादों को शहद, मोम इत्यादि की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता जैन ने परियोजना की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



## जनेकृविवि की शोधार्थी मोनिका पटेल को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय की शोधार्थी मोनिका पटेल ने डीबीटी द्वारा वित्तपोषित 'चना मिशन परियोजना', जिसकी प्रमुख अन्वेषक एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर हैं, के अंतर्गत किए जा रहे शोध कार्य को 10वीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'ग्लोबल रिसर्च इनिशिएटिव्स फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंसेज (GRISAAS-2025)" में प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन विगत दिनों एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर, राजस्थान में आयोजित हुआ। मोनिका पटेल के उत्कृष्ट शोध कार्य और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के लिए उन्हें "सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग के समस्त अध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं सहकर्मियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

## पेटीएम कर्मचारी बनकर आए ठग ने की 25 हजार की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत शुक्ला होटल लालमाटी में एक कथित पेटीएम कर्मचारी बनकर आए एक जालसाज ने व्यापारी के मोबाइल से न केवल 5 हजार रुपए अपने एकाउंट में ट्रांसफर कर लिए बल्कि बजाज फायनेंस कंपनी के कार्ड ऐप का इस्तेमाल कर 25 हजार का लोन भी निकाल लिया। अपने साथ धोखाधड़ी का व्यापारी को उस वक्त पता चला, जब उसके खाते से पैसे कटने का मैसेज आया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्ला होटल लालमाटी निवासी 37 वर्षीय सुशील कुशवाहा ने घमापुर थाने में एक लिखित शिकायत की, कि उसके दुकान में एक व्यक्ति आया जिसने खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताकर परिचय दिया तथा उसका मोबाईल लेकर उसके मोबाईल से 5 हजार रुपये अपने मोबाईल में ट्रान्सफर कर लिया और उसे बिना बताए उसके बजाज फायनेंस कंपनी के कार्ड ऐप का इस्तेमाल कर 25 हजार रुपये का लोन निकाल लिया। दुकानदार को इस धोखाधड़ी के बारे में तब पता चला जब बैंक से पैसे कटने का मैसेज आया। पुलिस ने लिखित शिकायत पर धारा 318(4), 319 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## टपरे की चादर खोलकर कीमती सामान व नगदी चोरी

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत बाईपास तिराहा में एक टपरे के टीन की चादर खोलकर अज्ञात चोर लेपटाप, स्पीकर रिपोनिक, यूएसबी, एक्सटेंसन, माउस, बोर्ड प्रिन्टर, पावर कोड वायर, लैफटांक वायर, किराना का सामान तथा अधारकार्ड, पेनकार्ड, आईडी कार्ड, एटीएम चोरी कर ले गया। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरौली निवासी 27 वर्षीय रंजीत कुमार चौधरी बाईपास तिराहा पेट्रोल पम्प के पास सरकारी जमीन में टपरा रखकर आनलाईन का काम करता है।

## सड़क पर ना फेके कचरा

**बरेला।** वर्तमान में दीपावली की साफ सफाई होने के कारण घरों में अत्यधिक कचरा निकल रहा है जिसकी वजह से कुछ लोगों द्वारा कचरा गाड़ी की प्रतीक्षा की बगैर ही सड़क पर ही और रोड किनारे जहां तहा कचरा फेंक रहे हैं जिसकी वजह से नगर में अनेको जग कचरे के ढेर दिखाइ दे रहैं है। नगर परिषद अधिकारी सीएमओ संजय पांडे ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालें। नगर परिषद द्वारा सीमित संसाधन होने के बावजूद नगर में नियमित रूप से साफ सफाई की जा रही है त्यौहार में कचरे की मात्रा ज्यादा होने के कारण कचरा गाड़ियों द्वारा फेरों की संख्या भी बढ़ाई गई है अतः सभी नगर वासियों से निवेदन है कि वह कचरा गाड़ी की प्रतीक्षा करें तथा कचरा को इकट्ठा कर कचरा गाड़ी में ही डालें ताकि नगर में त्योहार के अवसर पर घरों के साथ-साथ नगर में भी स्वच्छता का वातावरण बना रहे।

## 2 आरोपियों से 40 ग्राम स्मैक जब्त

**जबलपुर।** कैंट पुलिस ने पेंटीनाका के पास मादक पदार्थ स्मैक का विक्रय करने ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 ग्राम स्मैक एवं मोटर सायकिल जब्त की है। कैंट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र पटले ने बताया कि गोपाल मंदिर के सामने खटीक मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय कपिल सोनकर और तुलसी मोहल्ला बेलबाग निवासी 22 वर्षीय आदित्य उर्फ छोटू सोनकर गत दिवस बाईक क्रमांक एमपी 20 केएन 6660 में मादक पदार्थ गांजा रखकर पेंटीनाका के पास ग्राहक के इंतजार में खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मादक पदार्थ स्मैक के संबंध में पूछताछ करने पर संदेही कपिल सोनकर ने मादक पदार्थ स्मैक वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश निवासी मान सिंह कुशवाहा से खरीदने की बात बताई, जिसमें से कुछ माल बचा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक एवं मोटर सायकल स्पेलेण्डर जब्त करते हुए आरोपी कपिल सोनकर एवं आदित्य सोनकर के विरूद्ध धारा 8, 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## निधन

**श्रीमती सुमन साहू-** जयनगर यादव कॉलोनी निवासी श्री संजय कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदू अहिरवार-** दीक्षित गली आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री चंदू अहिरवार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भैया लाल मेहतो-** कटियाघाट छात्रावास के सामने गौर निवासी श्री भैया लाल मेहतो (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रंजन चौधरी के पुत्र श्री सुरेंद्र चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मधु नायडू-** सदर बाजार कैंट निवासी श्री ललित कुमार नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती मधु नायडू (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई गुप्ता-** करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री मिश्री लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा दुबे-** संजीवनी नगर गुलमोहर पार्क के पास निवासी श्री हुकुम चंद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती तारा दुबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव नारायण राजपूत-** सरकारी कुआं पुत्री शाला के पास पश्चिमी घमापुर निवासी श्री शिव नारायण राजपूत (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आरएस शर्मा-** गोपालबाग दमोहनाका निवासी श्री आरएस शर्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती त्रिवेणी बाई शर्मा-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री आनंदी लाल शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी बाई शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुरील-** लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री चंदू लाल कुरील के पुत्र श्री संतोष कुरील (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद जाट-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद जाट (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पप्पू महात्मा-** दूसरा पुल लियो कम्पाउंड पूर्व शीला टाकीज के पास निवासी श्री पप्पू महात्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पन्ना सिंह राजपूत-** रामटेक करियापाथर रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री पन्ना सिंह राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील जोशी-** चौथे पुल के निकट निवासी श्री जगन जोशी के पुत्र श्री सुनील जोशी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी यादव-** घमापुर चौक निवासी श्री विनोद कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा लाल-** रांझी बड़ा पत्थर स्थित बड़कू का बाड़ा निवासी श्री हीरा लाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री परेदसी बंशकार के पुत्र श्री नरेंद्र बंशकार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संगीता दुबे-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सुशील दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता दुबे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष बंशकार-** प्रेमसागर महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री शंकर लाल बंशकार के पुत्र श्री संतोष बंशकार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नैनसी प्रसाद-** सालोमन बंगला (दमोह) निवासी श्री नरेश प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती नैनसी प्रसाद (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री सुरेशचंद्र श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश श्रीवास्तव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 900/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक का लाभ 33 फीसदी बढ़कर 1,213 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 1,213 करोड़ रुपये रहा। बैंक का जुलाई-सितंबर 2024 में शुद्ध लाभ 913 करोड़ रुपये रहा था। बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल कारोबार 14.43 प्रतिशत बढ़कर 6.45 लाख करोड़ रुपये से 7.38 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़ा

KVB Karur Vysya Bank

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़कर 574 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 474 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 3,320 करोड़ रुपये हो गई।

### हिंदुस्तान जिंक के लाभ में 13.8 फीसदी का इजाफा

HINDUSTAN ZINC

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13.8 प्रतिशत बढ़कर 2,649 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,327 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी की एकीकृत आय बढ़कर 8,787 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 8,522 करोड़ रुपये थी।

### डालमिया भारत का लाभ बढ़कर 239 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी डालमिया भारत का जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना होकर 239 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का जुलाई-सितंबर 2024 में मुनाफा 49 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय 10.68 प्रतिशत बढ़कर 3,417 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3,087 करोड़ रुपये थी।

### यूको बैंक के लाभ में 2.82 फीसदी की बढ़ोतरी

यूको बैंक UCO BANK

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 2.82 प्रतिशत बढ़कर 620 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यूको बैंक ने 603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक का कुल कारोबार 5.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

### उज्जीवन स्माल बैंक का लाभ हुआ आधा




**नई दिल्ली।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ घटकर 122 करोड़ रुपये रह गया जो एक साल पहले की समान तिमाही के 233 करोड़ रुपये का लगभग आधा है। लघु वित्त बैंक ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका वित्तीय प्रावधान बढ़कर 235 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 150 करोड़ रुपये की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है।

# पिछली दिवाली से अब तक शेयर बाजार से ज्यादा कमाई सोना और चांदी ने कराई

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिवाली अब काफी नजदीक है। पिछले साल से अब तक गोल्ड और शेयर बाजार में काफी बदलाव देखने को मिल चुका है। खास बात तो ये है कि गोल्ड की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल चुकी है। वहीं दूसरी ओर शेयर बाजार बीते एक साल में ज्यादा रिटर्न नहीं दिया है।

- देश के वायदा बाजार में सोने की कीमतों में 51 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने मिली

पहले बात गोल्ड की करें तो देश के वायदा बाजार में सोने की कीमत में 51 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिल चुकी है। वहीं चांदी की कीमतों में करीब 70 हजार रुपए की तेजी देखने को मिल चुकी है। वैसे इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग का दिन 21 अक्टूबर यानी दिवाली के एक दिन के बाद है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि शेयर बाजार और सोना और चांदी की कीमतें किस लेवल पर पहुंच जाएंगी। आखिर पिछली दिवाली से अब तक शेयर बाजार और सोना और चांदी के दाम में काफी फर्क देखने को मिल चुका है।

**चांदी की कीमतों में करीब 70 हजार रुपए की तेजी दर्ज की जा चुकी**

### पिछली दिवाली से कितना महंगा हुआ गोल्ड?

देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमतें रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई हैं। अगर पिछली दिवाली से तुलना करें तो सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल चुकी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल एमसीएक्स पर 31 अक्टूबर को सोने के दाम 78,430 रुपए प्रति 10 ग्राम रुपए पर बंद हुए थे। जो 16 अक्टूबर को बाजार बंद होने के बाद दाम 1,29,852 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गए। इसका मतलब है कि गोल्ड की कीमतों में वायदा बाजार में 51,422 रुपए प्रति 10 ग्राम यानी 65.56 फीसदी का इजाफा देखने को मिल चुका है। वैसे 17 अक्टूबर को कारोबारी सत्र के दौरान सोने की कीमतें 2,442 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी के साथ 1,32,294 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ चुके हैं। जोकि रिकॉर्ड हाई है।





### चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त इजाफा

वहीं दूसरी ओर बीती दिवाली से अब तक चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिल चुकी हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछली दिवाली पर वायदा बाजार में चांदी की कीमतें 97,740 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। जो 16 अक्टूबर 2025 को चांदी के दाम 1,67,663 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ चुकी हैं। इसका मतलब है कि बीते करीब एक साल में चांदी के दाम में 69,923 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा देखने को मिल चुका है। यानी चांदी ने वायदा बाजार में निवेशकों को 71.54 फीसदी का रिटर्न दे दिया है। अगर बात 17 अक्टूबर की करें तो कारोबारी सत्र के दौरान चांदी की कीमतों में 2,752 रुपए की तेजी देखने को मिल चुकी है।

### सेंसेक्स ने निवेशकों को कराई मामूली कमाई

वहीं दूसरी ओर शेयर बाजार ने पिछली दिवाली से अब तक कोई खास रिटर्न नहीं दिया है। आंकड़ों को देखें तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स पिछली दिवाली यानी 31 अक्टूबर 2024 को सेंसेक्स 79,389.06 अंकों पर बंद हुआ था। जो मौजूदा समय में बढ़कर 83,952.19 अंकों पर बंद हो गया है।

## डेलॉयट इंडिया की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट

# भारतीय उपभोक्ता त्योहारों में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ कर रहे खरीदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय उपभोक्ता इस साल के त्योहारी मौसम में बढ़े हुए आत्मविश्वास और वित्तीय आशावाद के साथ खरीदारी कर रहे हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण सोच-विचार कर किये जाने वाले खर्च करने की उनकी क्षमता में हुई बढ़ोतरी है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

डेलॉयट इंडिया की तरफ से उपभोक्ता व्यवहार के नवीनतम रुझानों पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, मुद्रास्फीति के दबाव कम होने और हाल ही में किए गए जीएसटी दर कटौती ने उपभोक्ताओं की खरीद शक्ति और त्योहारों की खुशी बढ़ाई है। उपभोग का यह उत्साह वित्तीय स्थिरता और सोच-समझकर खर्च करने की इच्छा से समर्थित है।

### भोजन पर खर्च सूचकांक में गिरावट

सितंबर में भारत का वित्तीय खुशहाली सूचकांक 110.3 पर पहुंच गया, जो वैश्विक औसत 103.6 से काफी ऊपर है। यह घरेलू वित्तीय स्थिरता और मजबूत उपभोक्ता धारणा को दर्शाता है। उपभोक्ताओं की भोजन पर खर्च की किफायत के सूचकांक (एफएफआई) में तेज गिरावट इस रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण रुझान है।

*वाहन खरीद का रुझान बढ़ा : यह सूचकांक पिछले तीन साल में अपनी दूसरी सबसे निचली स्थिति में है। यह दर्शाता है कि उपभोक्ता अब खाने पर खर्च रोकने के बजाय उसके मूल्य को ध्यान में रखते हुए खरीद कर रहे हैं। वाहन खरीद का रुझान (वीपीआई) भी सालाना आधार पर 6.6 अंक बढ़ा है, जो महंगे उत्पादों की खरीद में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।*

- उपभोक्ताओं के खर्च करने की क्षमता में हुई बढ़ोतरी
- मुद्रास्फीति के दबाव कम होने से खरीद शक्ति बढ़ी
- भारत का वित्तीय खुशहाली सूचकांक 110 .3 पर पहुंचा



### मासिक उपभोक्ता खर्च बढ़कर चार फीसदी हुआ

*अनुमानित मासिक उपभोक्ता खर्च जुलाई में दो प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में चार प्रतिशत हो गया। डेलॉयट साउथ एशिया में साझेदार और उपभोक्ता उद्योग प्रमुख आनंद रामनाथन ने कहा, "आज के भारतीय उपभोक्ता अत्यधिक सूझबूझ, डिजिटल रूप से सक्षम और वित्तीय रूप से आत्मविश्वासी हैं।*

### उपभोक्ता अब मूल्य बढ़ाना सीख रहे

हम केवल उपभोक्ता धारणा की वापसी नहीं देख रहे, बल्कि प्राथमिकताओं का नए सिरे से समायोजन भी हो रहा है। उपभोक्ता अब मूल्य बढ़ाना सीख रहे हैं और अपनी आकांक्षाओं से समझौता नहीं कर रहे। हालांकि वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं बरकरार हैं, लेकिन भारत में बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता में पांच प्रतिशत की कमी आई है और अब केवल 70 प्रतिशत उपभोक्ता इसे मुख्य चिंता मानते हैं।

### अतिरिक्त सुविधाओं पर अधिक खर्च करने तैयार उपभोक्ता

यात्रा और आतिथ्य पर खर्च स्थिर है, जिसमें उपभोक्ता उच्च गुणवत्ता वाले अनुभव और अतिरिक्त सुविधाओं पर अधिक खर्च करने को तैयार दिख रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि भारतीय उपभोक्ता व्यवहार में एक निर्णायक बदलाव आया है कि अब वे रक्षात्मक न होकर सोच-समझकर खर्च करने लगे हैं। इससे एक परिपक्व, मूल्य को लेकर सजग और आत्मविश्वासी खरीदार की छवि सामने आती है। यह वैश्विक उपभोग प्रवृत्तियों के लिए एक मॉडल स्थापित करता है।

# दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने समझौते के प्रयास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत, घरेलू खोज को बढ़ावा देना और स्टार्टअप को पुनर्चक्रण एवं प्रसंस्करण में शामिल करने जैसे कदम उठा रही है।

तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से लेकर लड़ाकू विमान तक कई उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। ये खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी विनिर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। चिली, पेरू और ऑस्ट्रेलिया में इन खनिजों के भंडार मौजूद हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता लागू हो चुका है और दक्षिण अमेरिकी देशों चिली एवं पेरू के साथ भी वार्ता जारी है।



- उद्योग मंत्री गोयल ने कहा, चिली व पेरू से बातचीत
- घरेलू खोज को भी बढ़ावा दिया जाएगा

भारतीय टीम अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए इन देशों का दौरा कर रही है। गोयल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि चिली एवं पेरू जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौते की कोशिशों के पीछे दुर्लभ खनिजों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू खोज बढ़ाने, अवशिष्ट से खनिज निकालने वाले स्टार्टअप, और देश में प्रसंस्करण सुविधाओं के निर्माण पर भी विचार कर रहा है।

### पिछली सरकार पर ठीक एफटीए नहीं करने का आरोप

गोयल ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर आसियान, जापान और कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ठीक से न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब ये समझौते घरेलू उद्योग को लाभ नहीं पहुंचा रहे हैं। मौजूदा सरकार द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, ईएफटीए समूह और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

# धनतेरस से पहले सोना 3,200 रुपए उछला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

धनतेरस से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मजबूत त्योहारी खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,200 रुपये बढ़कर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत में 7,000 रुपये की गिरावट आई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये उछलकर 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह बृहस्पतिवार को 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान अधिक बिक्री की उम्मीद में स्टॉकिस्टों ने खरीदारी की। धनतेरस शनिवार को मनाया जाएगा, उसके बाद सोमवार को दिवाली मनाई जाएगी। धनतेरस के दिन कीमती धातुएं खरीदने को शुभ माना जाता है। मौसमी मांग के अलावा, निवेशकों और केंद्रीय बैंकों की सुरक्षित निवेश खरीदारी ने कीमतों को और समर्थन दिया है।



- सोना रिकॉर्ड 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी फिसली

*निवेशकों का झुकाव सुरक्षित संपत्ति की और : त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निरंतर अनिश्चितता और आंकड़े जारी होने में देरी के कारण निवेशकों का झुकाव एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोने की ओर है। जब तक जोखिम की भावना कमजोर रहेगी, तब तक तेजी बरकरार रहने के कारण सोना ऊंचा रहने की संभावना है।''हालांकि, चांदी में गिरावट आई। चांदी की कीमत 7,000 रुपये टूटकर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। यह बृहस्पतिवार को 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।*


### अशोका विश्वविद्यालय में अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के 2026 सत्र के आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख संस्थान और अंतरविषयक कंप्यूटर साइंस, प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी में अग्रणी अशोका विश्वविद्यालय ने अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के 2026 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदक ऐसे अंडरग्रेजुएट कोर्स चुन सकते हैं ।

# लगातार तीसरे दिन शेयर बाजारों में तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 484 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ।



- सेंसेक्स 484 अंक उछला, निफ्टी में 124 अंक की बढ़त
- बैंक और पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी

कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,709.85 अंक पर पहुंच गया। ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"भारतीय बाजारों ने कारोबारी सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों ने ही अहम मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया। इसके पीछे संस्थागत भागीदारी और व्यापक खरीदारी की भूमिका रही।/"हालांकि व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.49 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 1.48 प्रतिशत की तेजी रही।

*सकारात्मक धारणा से बाजार में तेजी : जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार ने ऊपर की तरफ बढ़ने का सिलसिला जारी रखा है और पिछले 52 सप्ताह का नया उच्च स्तर हासिल किया है। इसके पीछे खपत-केंद्रित शेयरों की अहम भूमिका रही।*

### एशियन पेंट्स में तेजी दर्ज

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 प्रतिशत की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में रहीं। हालांकि, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**बेंगलुरु।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2026 के लिए अपने बेंगलुरु और भोपाल कैम्पस में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय की स्थापना न्यायसंगत, समतापरक, मानवीय और टिकाऊ समाज की रचना के स्पष्ट सामाजिक उद्देश्य से की गई है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले प्रोग्रैम्स विषय की गहरी व व्यापक समझ और जमीनी स्तर के अनुभवों के साथ-साथ सामाजिक प्रतिबद्धता का भी अहसास कराते हैं। एडमिशन हेड और प्राध्यापक मणिकंदन वी. ने कहाकि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने उद्देश्य की खोज करने की प्रक्रिया है। हमारे स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों के कार्यक्रम इस प्रकार तैयार किए गए हैं कि वे छात्रों को आलोचनात्मक रूप से सोचने, दुनिया से गहराई से जुड़ने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करें।

**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
तकनीकी संभाग, दूरदर्शन केन्द्र के पास, कटंगा, जबलपुर
क्रमांक/तक.संभाग./निर्माण/बी-7/25-26/734 जबलपुर, दिनांक : 17.10.2025

**'डीजल वाहन किराये हेतु निविदा सूचना'**

तकनीकी संभाग के अन्तर्गत उपसंभाग जिला जबलपुर एवं उपसंभाग जिला नरसिंहपुर के मंडियों एवं मण्डी क्षेत्रों में भ्रमण हेतु वाहन किराये पर प्रति कि.मी. के दर पर व वाहन चालक सहित डीजल (नान ए.सी.) एवं समकक्ष वाहन हेतु **दिनांक 11.11.2025 को शाम 5.00 बजे तक** स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से पृथक-पृथक उपसंभाग हेतु निविदायें आमंत्रित किये जाते हैं, निविदा प्रपत्र दिनांक 23.10.2025 से कार्यालयीन समय में राशि रुपये 200/- नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ अमानत राशि रु. 5000/- का एफ.डी.आर. कार्यपालन यंत्री **म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जबलपुर** के नाम देय होगी एवं निविदा प्रपत्र में वाहन किराये पर दिये जाने हेतु प्रति कि.मी. के मान से दर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.11.2025 को खोली जावेगी। शेष शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

म.प्र. माध्यम/122611/2025 **कार्यपालन यंत्री**

**पश्चिम मध्य रेल**
निविदा सूचना क्रं: M-Tender-24-2025
दिनांक: 15/10/2025
खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई.–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है:–**निविदा सूचना क्रमांक दिनांक:** JBP-M-Tender-24-2025, Dated15/10/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सी एंड डब्ल्यू एनकेजे में सामग्री हैंडलिंग उपकरण का संचालन, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये:** 9042615.85, **बयाना राशि रुपये :** 180900.00, **समापन की अवधि:** 12 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 06.11.2025, 15:00 Hrs. ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

हस्ता.
कृते मण्डल रेल प्रबंधक (यां)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर**
शास्त्री वार्ड, मेन रोड़ नरसिंहपुर (म.प्र.), पिनकोड - 487001
ई-मेल :- utkrist.utkrist2008@gmail.com दूरभाष : 07792-231297
संस्था कोड : 731001 डाइस कोड : 23400120402

क्रमांक/899/निविदा/2025 नरसिंहपुर दिनांक - 13/10/2025

**पुन: निविदा**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में अधोलिखित छ: कार्यो के लिए पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफे में पुन: निविदा दिनांक 31/10/2025 अपरांह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदा गठित समिति के समक्ष दिनांक 03/11/2025 समय 02.00 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में खोली जावेंगी।

1. 100 सीटर बालक छात्रावास में भोजन व्यवस्था ।
2. 100 सीटर बालिका छात्रावास में भोजन व्यवस्था ।
3. विद्यालय हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय हेतु ।
4. वार्षिक शालेय पत्रिका प्रिंटिंग कार्य ।
5. अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के परिवहन कार्य हेतु ।
6. मा.शि. मण्डल मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का रद्दी विक्रय हेतु ।

निविदा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन कार्यदिवसों में विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से अंतिम तिथि 31/10/2025 समय अपराह्न 02.00 बजे तक 1000/- शब्दों में- एक हजार रुपए की राशि प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के इंडियन बैंक शाखा नरसिंहपुर के बैंक खाता क्रमांक 20736372112 आई.एफ.एस.सी - IDIB000N550 में जमा कर मूल पावती प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 31/10/2025 अपराह्न 04.00 बजे तक जमा की जावेगी । निविदा से संबंधित शेष शर्तें विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

(नोट :- न्यूनतम 03 निविदा प्राप्त होने पर निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेंगी । पुन: निविदा जारी होने की स्थिति में पूर्व प्रस्तुतकर्ता को पुन: निविदा आवेदन प्रस्तुत करना होगा और आवेदन की राशि वापसी योग्य नहीं होगी ।)

G-20280/25
(जी.एस. पटेल)
प्राचार्य
"स्वच्छता ही सेवा" शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर

**कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश**
**(Institutional Preference Seats)**
**सत्र 2025-26**

संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग उन संस्थानों में आयोजित होगी, जिन्होंने इन सीटों के लिये सहमति पत्र के साथ आवेदन किया था। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत PCI द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही निम्न समय सारणी अनुसार की जावेगी।

| पाठ्यक्रम | ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | काउंसलिंग तिथि |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ फार्मेसी एवं डिप्लोमा ऑफ फार्मेसी (Bachelor of Pharmacy and Diploma of Pharmacy) | 18.10.2025 से 22.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 22.10.2025 रात्रि 11:45 तक |
| | 28.10.2025 से 30.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 30.10.2025 रात्रि 11:45 तक |

- संस्थागत प्राथमिकता सीटों पर प्रवेश के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात, उम्मीदवार को इच्छित संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही करनी होगी।
- संस्थागत प्राथमिकता सीटों के लिये उपलब्ध संस्थानों की सूची, प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- प्रवेश नियम, समय-सारणी, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- काउंसलिंग वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441**
- **ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/122613/2025 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**

चिंतन

# खुद के पाले आतंकवाद से लहूलुहान होता पाकिस्तान

हिन्दी की कहावत है कि जो दूसरों के लिए कुआं खोदता है, वो खुद उसमें गिरता है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ हो रहा है। पड़ोसी देश भारत में दहशर्दी फैलाने के उद्देश्य से आतंकवाद को पोषित कर रहा पाकिस्तान अब खुद लहूलुहान हो रहा है। हर दूसरे दिन देश के किसी न किसी हिस्से में धमाका हो रहा है और बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी पाक हुक्मरान सुधरने की बजाए आतंकवादियों को पनाह देकर खुद अपनी कब्र खोद रहे हैं। ये न केवल इंसानियत बल्कि इस्लाम को लहूलुहान करने जैसा है। पाकिस्तान नेताओं ने आतंकवादियों यानि बर्बर जानवरों को मानवता को घायल करने का लाइसेंस दे दिया है। देश में आतंकवादियों को अपना राष्ट्रीय उद्योग और राष्ट्रीय संपत्ति बन चुका है, लेकिन वहां के सत्ताधीश सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। शुक्रवार को भी पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। असल में 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। जिसने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार आरोप लगाती है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। इसी के चलते बीते सप्ताह पाक ने अफगान में दो बार हवाई हमले भी किए और दावा किया कि इन हमलों में अनेक पाक विरोधियों का सफाया हो गया है। अब टीटीपी ने आत्मघाती हमला करके पाक को जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं है, जैसा पाक दावा कर रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। जहां वे जब चाहे हमले को अंजाम दे रहे हैं। पाक जिन आतंकवादियों को पाल रहा था, अब वो ही उसे जख्म दे रहे हैं। अब वहां के हुक्मरान अब भी नहीं चेते तो आतंकवाद अजगर की तरह पूरे पाक को ही निगल जाएगा।



बस दुर्घटना
राजेश माहेश्वरी

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसे

आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है।

राजस्थान के जैसलमेर में बीती 14 अक्टूबर को हुआ भीषण बस अग्निकांड महज एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था, नियामकीय ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चौंका देने वाली मिसाल है। 21 निर्दोष लोगों की जान गई, दर्जनों जिंदगी भर के लिए झुलस गए। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह टाला नहीं जा सकता था? उत्तर है, हां, अगर सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती और यदि हमारी व्यवस्था केवल मुआवजा देने तक सीमित न रहती, बल्कि जिम्मेदारी तय करने और सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होती। 17 अक्टूबर को यूपी के गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में आग लग गई। लुधियाना से आगरा जा रही बस में लगभग 50 यात्री थे। बस की छत पर रखे सामान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बीती 5 मई को लखनऊ में किसान पथ पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। बात सिर्फ यूपी और राजस्थान की नहीं। ऐसी स्थिति कम या ज्यादा देश के हर राज्य की है। आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। जिस बस में आग लगी, वह केके ट्रैवल्स की थी और इसे 14 दिन पहले ही खरीदा गया था। बस का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर को हुआ, 9 अक्टूबर को इसका परमिट जारी किया गया और 14 अक्टूबर को ही यह हादसा हो गया। बस का मॉडिफिकेशन प्रमाणित एजेंसी से नहीं हुआ था। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स यानी सीएमवीआर के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक वाहन में किए गए संशोधन की वैधता जरूरी है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन शायद ही होता है। सवाल यह उठता है कि इतनी असुरक्षित बस को फिटनेस सर्टिफिकेट आखिर कैसे मिल गया? इससे विभागीय उदासीनता और संभावित भ्रष्टाचार की बू आती है। जैसलमेर की जिस बस में आग लगी, वह एक निजी स्लीपर कोच थी जिसे हाल ही में गैर-एसी से एसी में बदला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस में शॉर्ट सर्किट, एसी कंप्रेसर का विस्फोट और ज्वलनशील फाइबर इंटीरियर की वजह से आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। न इमरजेंसी एग्जिट था, ना खिड़कियों पर सुरक्षा हथौड़े, और मुख्य दरवाजा भी जाम हो गया, यात्री अंदर ही फंस कर जलते रहे। यह न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक भी क्योंकि ये मौतें नीतिगत व प्रशासनिक चूक का सीधा नतीजा हैं। राजस्थान में अगर कायदे से चेक किया जाए तो हर बस में इमरजेंसी गेट के सामने या तो स्लीपर सीट बना दी गई या फिर उसे सामान रखने के लिए इस्तेमाल



किया जा रहा था। एक लग्जरी बस में आपातकालीन गेट के सामने फ्रिज और कॉफी मशीन फिट की गई थी। नियम के मुताबिक, इमरजेंसी गेट का रास्ता साफ होना चाहिए, लेकिन ऑपरेटर यात्रियों की जान की कीमत पर रुपये कमाने में जुटे हैं। अगर आग लगने, नदी में गिरने और बस पलटने जैसा हादसा हो तो यात्रियों का निकलना नामुमकिन है। राजस्थान सरकार ने इस घटना की तकनीकी जांच के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट यानी सीआईआरटी, पुणे को भी आमंत्रित किया है। सीआईआरटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद प्रदेश में चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत अब तक 162 बसें जब्त की जा चुकी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस परिवहन संघों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बसों में सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक सुधार किए जाने के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करें।

अगर स्लीपर बसों की बात करें तो इसके लिए एआईएसः119 (आरईवी 1) प्रोविजन के तहत बस बॉडी का निर्माण होता है। आम भाषा में समझें तो सबसे पहले बस का चेचिस खरीदा जाता है, इसके बाद उन पर बॉडी का काम होता है। बॉडी बनाने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है, जिसमें बस में लगने वाली सीटों की संख्या, बस का साइज आदि अहम है। इसके बाद चेसिस के हिसाब से बॉडी का निर्माण होता है। इसके बाद तीन जांच एजेंसियों से अप्रूवल लेना होता है, जिसमें यह तय होता है कि किस तरह की बस बनाई गई है। इसके बाद बस को फिटनेस आदि सर्टिफिकेट मिलते हैं। बस बनाने वाले बॉडी मेकर को ये सर्टिफिकेट लेना होता है। फिर बॉडी की जांच होती है और सर्टिफिकेट जारी होता है। इसके बाद बस सड़क पर चलने के लिए तैयार होती है। दरअसल, जो बड़े बॉडी मेकर हैं, वो समय पर सारे अप्रूवल ले लेते हैं, जो थोड़ा बड़ा और महंगा प्रोसेस है। ऐसे में जो बस वाले छोटे बॉडी मेकर से बस बनवाते हैं तो वे कागजों में बस की साइज, सीटों की संख्या कुछ और दिखाते हैं और हकीकत में बस की डिजाइन कुछ और होती है। आम तौर पर 13 मीटर बस की साइज का अप्रूवल आता है और फिर उसे 15 मीटर तक डिजाइन कर देते हैं। जैसे डबल एक्सल की साइज वाली बस को सिंगल एक्सेल चेसिस में बना देते हैं। इस दौरान कई बसों में फायर एग्जिट जैसी व्यवस्था भी करनी होती है। एक एसी स्लीपर बस को बनाने में करीब 26-27 लाख का खर्च आता है, जिसमें एसी का खर्च भी शामिल होता है।

इसमें बस की चेसिस और टायर आदि शामिल नहीं होते है। अगर कोई बस मालिक एसी खुद देते हैं तो 4 लाख का खर्च कम हो जाता है और फिर सिर्फ बॉडी और सीट का निर्माण किया जाता है। इस क्वालिटी में ही सुरक्षा का नजरअंदाज कर दिया जाता है। बताया जाता है इस दौरान खराब वायरिंग आदि की वजह से आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, सर्दी की अपेक्षा गर्मी के दिनों में बसों में आग लगने के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं। इसकी वजह होती है तेज धूप में बसों के इंजन और बॉडी का गर्म हो जाना। इंजन गर्म होने पर आग लगने का खतरा रहता है। इसके अलावा अगर बस में कोई भी तार इधर-उधर लटक रहा है तो उससे स्पार्क होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही डीजल टैंक से अगर डीजल या फिर मोबिल ऑयल लीक करता है तो शॉर्ट-सर्किट से आग पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है। जानकारों के मुताबिक, बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है। परिवहन के नियमों को सख्त बनाना और चालकों को प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष
कांतिलाल मांडोत




# धनतेरस पर्व पर करें परोपकार का संकल्प

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते हैं। प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं, इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है। भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौदह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेद के आठों अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान विद्वान था। धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं। महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो। आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुँचाई तो समझ लो आपकी धनतेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई। अन्यथा धन की पूजा करके चाहे तेरस मनाओ या चौदस, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। निःस्वार्थ और निरपेक्ष भाव से जितना बन सके दूसरों की सेवा-सहायता का संकल्प करना और उसके लिए अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग करना-यह लक्ष्मी के आमन्त्रण की पूर्व भूमिका है, बैकग्राउण्ड है। जो परोपकार करेगा लक्ष्मी स्वयं उसके द्वार पर आकर दस्तक देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**धनतेरस पर परोपकार का संकल्प करें**

भारतीय पुराणों में धनतेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण प्रतिष्ठापक धन्वंतरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाए जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते हैं। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ इनका गहरा सम्बन्ध है। यों तो प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। -कांतिलाल मांडोत, सूरत

## करंट अफेयर


### न्यूयॉर्क के महापौर एरिक ने दिवाली उत्सव की मेजबानी की



न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की। यहां भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और ''त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश'' के बारे में बात की। इसमें कहा गया, ''महापौर ने भारतीय समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।'' गवर्नर कैथी होचुल ने भी फ्लशिंग, क्वींस स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारतीय समुदाय के साथ दिवाली उत्सव मनाया। पेंसिल्वेनिया, कनेक्टिकट और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों ने दिवाली को आधिकारिक अवकाश घोषित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में, दिवाली पर स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## ऑफ बीट


### एआई सामग्री में त्रुटियों से बढ़ रहा काम का बोझ



क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। हमारे वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई (66 प्रतिशत) कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इससे दूसरों के लिए त्रुटियों की पहचान और सुधार में काफ़ी अतिरिक्त काम पैदा हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान की तो बात ही छोड़िए। इसी हफ़्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई 440,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की एक रिपोर्ट में एआई से जुड़ी कई त्रुटियां पाई गईं। इसी पृष्ठभूमि में "वर्कस्लोप" शब्द चर्चा में आया है। हाल में हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू के एक लेख में प्रचलित, यह शब्द एआई द्वारा निर्मित ऐसी सामग्री को संदर्भित करता है जो देखने में तो अच्छी लगती है, लेकिन "किसी दिए गए कार्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए इसमें उचित सामग्री का अभाव होता है।'' समय की बर्बादी के अलावा, कार्यस्थल पर "वर्कस्लोप" सहयोग और विश्वास को भी कम करता है।

## ट्रेंड

### एमआरओ सुविधा स्थापित



एचएएल नासिक डिविजन में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन दोनों के लिए संयुक्त एमआरओ सुविधा स्थापित की गई है। यह दर्शाता है कि भारत में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन एक ही मंच पर साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### सच्चाई सामने आए



जुबिन गर्ग के मामले में सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना ही बेहतर है, क्योंकि परिवार इस मामले की हकीकत जानना चाहता है। परिवार ने जुबिन को खो दिया है, और वे केवल यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आत्मनिर्भर भारत बनाएं



इस दीपावली जब हम एक मिट्टी का दीया जलाएंगे तो उसकी रोशनी किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद जगाएगी। जब हम स्वदेशी मिठाई खरीदेंगे तो किसी छोटे व्यापारी के घर में समृद्धि की खुशबू फैल जाएगी। इस दीपावली जो भी खरीदें, वो स्वदेशी हो। आइए, मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाएं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### देशहित की बात



पहलगाम में उन्होंने धर्म पूछ कर मारा, हमने उनके घर में घुसकर आतंकी अड्डों व आतंक के आकाओं को नेस्तनाबूद किया। मगर जब भी बात देशहित की आती है, कांग्रेस-आरजेडी दूसरे पाले में दिखाई देते हैं।
-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# राजनाथ सिंह बोले- ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल, गर्व हो रहा

## स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने भरी पहली उड़ान

एजेंसी ▶▶ नासिक

भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने शुक्रवार को अपनी पहली उड़ान भरी। भारत में लड़ाकू विमान निर्माण की दिशा में यह अहम पल रहा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक स्थित विमान निर्माण इकाई में यह उड़ान हुई। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने एलसीए एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और साथ ही एचटीटी-40 एयरक्राफ्ट की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन किया।

*तेजस की तीसरी उत्पादन लाइन का किया उद्घाटन*

*भारत अपनी क्षमता का 65% विनिर्माण कर रहा*



### नासिक आस्था और भक्ति के साथ क्षमता का प्रतीक

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज, एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन हो रहा है, जो एलसीए एमके1ए तेजस बनाती है, और एचटीटी 40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन है। मैं एचएएल में सभी को बधाई देता हूं। नासिक एक ऐतिहासिक भूमि है जहां भगवान शिव त्र्यंबक के रूप में निवास करते हैं। नासिक आस्था, भक्ति, आत्मनिर्भरता और क्षमता का प्रतीक बन गया है। यहां एचएएल देश की रक्षा ताकत का प्रतिनिधित्व करता है। जब मैंने आज सुखोई एसयू-30, एलसीए तेजस और एचटीटी-40 को उड़ान भरते देखा, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल है।

### एचएएल मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहा

एचएएल ने भारत के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम किया है। 60 से अधिक वर्षों से, एचएएल नासिक ने भारत की रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है दूसरी ओर, यह विनाश का भी प्रतिनिधित्व करता है और इसमें शत्रुओं को समाप्त करने की शक्ति होती है।'

### उन्नत विमान है नया तेजस

तेजस मार्क 1ए संस्करण एक उन्नत, बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। यह स्वदेशी 4.5-पीढ़ी का विमान है, जो सभी मौसमों में काम करने के लिए विकसित किया गया है। ये लड़ाकू विमान उच्च-खतरे वाले हवाई वातावरण में तैनाती के लिए डिजाइन किए गए हैं। तेजस एमके-1ए में तेजस एके-1 संस्करण की तुलना में कई उन्नत सुविधाएं हैं।

### घरेलू विनिर्माण 100 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज, यह स्थिति बदल गई है, अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है। बहुत जल्द, हम अपने घरेलू विनिर्माण को भी 100 प्रतिशत तक ले जाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 25 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो कुछ साल पहले एक हजार करोड़ रुपए से भी कम था। हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपए और रक्षा निर्यात में 50 हजार करोड़ रुपए हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

### 4 साल में वायुसेना को 83 लड़ाकू विमान देने का लक्ष्य

*तेजस एमके1ए को वायुसेना में शामिल करने की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन एचएएल का कहना है कि आने वाले चार वर्षों में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिकी इंजन की आपूर्ति में देरी की वजह से पहले ही देरी हो रही है। नासिक स्थित एचएएल की उत्पादन इकाई में हर साल 8 लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की क्षमता है। इसके अलावा बेंगलुरु में तेजस की दो उत्पादन लाइन हैं, जहां हर साल 16 लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। इस तरह नासिक की प्रोडक्शन लाइन शुरू होने के बाद हर साल 24 लड़ाकू विमानों का निर्माण होगा।*

## खबर संक्षेप


### पाक आर्मी कैंप पर हमला, 7 की मौत

**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। पाक अधिकारियों ने दावा किया कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया।



### पूर्व अमेरिकी एनएसए पर 18 मामलों में आरोप तय

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रहे जॉन बोल्टन पर गोपनीय जानकारी के गलत इस्तेमाल और लीक करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी शेयर करने के 8 और गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने के 10 आरोप लगाए गए हैं। बोल्टन ने ट्रंप प्रशासन में काम करते वक्त अपनी गतिविधियों के नोट्स और डायरी एंट्रीज एओए ईमेल अकाउंट में सेव की थीं। इन नोट्स में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील बातें शामिल थीं।



## श्रीलंका की पीएम डॉ. अमरसूर्या ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# शिक्षा, नवाचार और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को लेकर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीलंका की पीएम सुश्री हरिनी अमरसूर्या का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हमारी चर्चाओं में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नवाचार, विकास सहयोग और हमारे मछुआरों के कल्याण सहित कई व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा हुई। घनिष्ठ पड़ोसी होने के नाते, हमारा सहयोग हमारे दोनों देशों की जनता और साझा क्षेत्र की समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक और बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी।

*श्रीलंका घनिष्ठ पड़ोसी, नेबरहुड फर्स्ट नीति के लिए प्रतिबद्ध*

*उनकी यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी*

### साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करेंगे दोनों देश



दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार विकास सहयोग और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए दोनों देशों की साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में अपनी श्रीलंका यात्रा का स्मरण किया। यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायका को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं।

### परिवर्तनकारी पहलों पर सहयोग करने की जताई इच्छा

*अपनी यात्रा के दौरान श्रीलंका की पीएम ने दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, पर्यटन, स्किल डेवलपमेंट और एआई के क्षेत्रों में भारत की परिवर्तनकारी पहलों पर सहयोग करने की इच्छा जताई। उन्होंने भारत और श्रीलंका के रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों व अवसरों का समाधान करने के लिए इनोवेशन और स्किल का लाभ उठाने के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने नेबरहुड फर्स्ट और महासागर फ्रेमवर्क के अंतर्गत नॉलेज-बेस्ड, टेक्नोलॉजी ड्रिवन और पीपल-सेंट्रिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।*

### पीएम अमरसूर्या ने नीति आयोग का किया दौरा : भारत की प्रगतिशील पहलों को जाना

श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी नीरेका अमरसूर्या ने नई दिल्ली में नीति आयोग का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत की प्रगतिशील पहलों को जानने और दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। पीएम अमरसूर्या ने नीति आयोग की पॉलिसी थिंक टैंक और कॉर्डिनेशन प्लेटफॉर्म के रूप में भूमिका की सराहना की, विशेष रूप से इसके लॉन्ग-टर्म पॉलिसी डिजाइन को जमीनी स्तर पर लागू करने की क्षमता को रेखांकित किया। अमरसूर्या ने नीति आयोग के केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों के साथ मिलकर काम करने के तरीके को समझने में अपनी रुचि व्यक्त की, जिसमें विश्लेषण, साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण और नागरिकों से प्राप्त फीडबैक को प्रभावी शासन से जोड़ना शामिल था।



### श्रीलंका भी में नीति आयोग जैसे संस्थान की आवश्यकता

पीएम अमरसूर्या ने श्रीलंका की सुधार यात्रा और ऐसे संस्थानों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला जो नीतिगत सुसंगतता, साक्ष्य-आधारित निर्णयों और राजनीतिक चक्रों से परे निरंतरता को बढ़ावा दें। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी द्वारा संचालित चर्चाओं में भारत की वर्तमान पहलों जैसे मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए पीएम गति शक्ति, समग्र और समावेशी शिक्षा के लिए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोगात्मक अवसर और एआई, डिजिटल शासन सहित अग्रणी टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई।

## मिस्त्र के विदेश मंत्री भारत पहुंचे

# पीएम मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिस्त्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती का दो दिवसीय भारत दौरे पर स्वागत किया गया। विदेश मंत्री के रूप में अब्देलती की यह पहली भारत यात्रा है। डॉ. अब्देलती ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले गुरुवार को उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की प्रथम भारत-मिस्त्र रणनीतिक वार्ता की। इस अवसर पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह वार्ता द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर है, जिसमें 2023 में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक संबंधों के बेहतर होने के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में गहन सहयोग देखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनीतिक संपर्क और समन्वय बहुपक्षीय संबंधों सहित मजबूत और निरंतर रहे हैं। हमारे रक्षा और सुरक्षा आदान-प्रदान बढ़े हैं। व्यापार और निवेश आशाजनक बने हुए हैं और हम इस पर चर्चा करेंगे कि इन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए।

### स्पेस और स्टार्टअप में संभावनाएं

जयशंकर ने कहा कि हम डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, फिनटेक, फार्मा, अंतरिक्ष, स्टार्टअप और हरित प्रौद्योगिकियों में संभावनाओं का पता लगा सकते हैं। दो प्राचीन सभ्यताओं के अनुरूप, संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान भी हमारे संबंधों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अंतर्राष्ट्रीय स्थिति 'जटिल और अस्थिर' है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे समय की मित्रता को ध्यान में रखते हुए, यह स्वाभाविक ही था कि मिस्र जून 2025 में इस क्षेत्र से भारतीय नागरिकों को निकालने में भारत की सहायता करे।

### आतंकी हमले के विरोध में दिया समर्थन

जयशंकर ने कहा कि भारत और मिस्र ग्लोबल साउथ की प्रगति और विश्व मामलों में राष्ट्रों की स्वतंत्रता एवं चयन की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आपकी सरकार और आपने व्यक्तिगत रूप से जो एकजुटता दिखाई, उसके लिए मैं आपकी गहरी सराहना व्यक्त करना चाहता हूं। उस समय पीएम मोदी और राष्ट्रपति सिसी ने एक-दूसरे से बात की थी। हमने उस गर्मजोशी भरे स्वागत को भी देखा जो आपने उसके बाद मिस्र का दौरा करने वाले बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का किया था।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले- भारत पर टैरिफ ट्रंप की गलती

# पाकिस्तान के साथ नहीं भारत के साथ रिश्ता रखें, अमेरिका को इसी में फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम टोनी एबॉट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगाकर गलत किया है। पिछले 20 सालों में अमेरिका ने इस गलती को सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन ये टैरिफ बड़ा झटका है। अमेरिका के हित भारत जैसे लोकतंत्र के साथ मजबूत दोस्ती में हैं, न कि पाकिस्तान में। एबॉट ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद पर अमेरिका का साथ दिया, लेकिन ओसामा बिन लादेन को दशक भर पनाह दी। अमेरिका को ये जानना जरूरी है कि बेहतर दोस्त कौन है। बता दें, एबॉट 2013 से 2015 तक ऑस्ट्रेलिया के 28वें पीएम रहे थे।

### भारत भविष्य में वर्ल्ड लीडर बनेगा



टोनी एबॉट के अनुसार, भारत अब सिर्फ एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि आने वाले समय में वर्ल्ड लीडर बन सकता है। हर भारतीय शहर में नई सड़कों, एयरपोर्ट्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम चल रहा है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन का मजबूत विकल्प बनकर भी सामने आया है।

### भारत की तीन ताकत- लोकतंत्र, कानून और अंग्रेजी

एबॉट ने बताया कि भारत के पास तीन बड़ी ताकतें हैं, लोकतंत्र, कानूनी शासन और अंग्रेजी भाषा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में और ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट इस बात के संकेत हैं कि लोकतांत्रिक दुनिया अब चीन से दूरी बना रही है। जबकि भारत आर्थिक और सैन्य छलांग लगाने की तैयारी में है।

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का आरोप

# स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे राजीव गांधी, दस्तावेज साझा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया और दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि 1970 में हथियारों की खरीद में राजीव गांधी भी दलाली में शामिल थे। निशिकांत दुबे का राजीव गांधी पर यह आरोप ऐसे समय सामने आया है, जब कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे पर हमला बोला है। सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति में आए जबरदस्त उछाल पर सवाल खड़े



किए। गुरुवार को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उनकी उनके चुनावी हलफनामे के खिलाफ लोकपाल से हुई शिकायत का हवाला दिया। शिकायत में दावा किया गया है कि निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति साल 2009 में 50 लाख रुपए थी, जो साल 2024 में बढ़कर 32 करोड़ रुपए हो गई।

# ब्रह्मोस की पहली खेप लखनऊ से जाएगी राजनाथ-सीएम योगी दिखाएंगे 'हरी झंडी'

## लखनऊ आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शनिवार को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ करेंगे। यह दिन न केवल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता है, ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है।



### डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे और बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) और ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा।

## तेल मामले में ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक बोले

# भारत पर कोई हुक्म नहीं चला सकता, वो अपना रास्ता चुनेगा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को


रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे साझेदार हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे। हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग है, यह आर्थिक रूप से लाभदायक और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि हमारे साझेदार भारत ने लगातार यह घोषणा की है कि कोई उन पर हुक्म नहीं चला सकता और वे अपना रास्ता स्वयं चुनेंगे। यही हमारे रिश्ते की कसौटी है। नोवाक ने कहा कि भारत ने अब तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू कर दिया है हालांकि अब भी ज्यादातर भुगतान रूबल में ही हो रहा है। भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है जो चीन के मुकाबले कम है।

*भारत ने तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू किया*

*भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है*



### द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर: अलीपोव



वहीं, भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा भारत के साथ रूस के ऊर्जा संबंध नई दिल्ली के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हैं। दोनों देशों में समग्र द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर हो रहे हैं। रूसी राजदूत ने कहा कि भारत सरकार अपने देश के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर इस मामले से निपट रही है। भारत के कुल हाइड्रोकार्बन आयात में रूसी कच्चे तेल का योगदान लगभग एक-तिहाई है।

### भारत अपने फैसले खुद लेता है: जैमीसन ग्रीर

इससे पहले अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा था कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें। ग्रीर ने कहा था कि भारत के रूस के साथ हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है।



### पाकिस्तान को झटका

### रूसी राजदूत खोरेव ने कहा कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा

पाकिस्तानी न्यूज एंकर ने एक शो में पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव से बात की। इसमें उन्होंने कश्मीर मुद्दा उठाया और उम्मीद की कि रूसी राजदूत चूंकि उनके कार्यक्रम में आए हैं, इसलिए हो सकता हो कि उनकी तरफ की बात करें। एंकर ने पूछा कि क्या आपको लगता है कि कश्मीर विवाद को सुलझाने में भारत की हिचकिचाहट से परमाणु युद्ध हो सकता है? इस पर इस्लामाबाद में रूसी राजदूत के रूप में कार्यरत अल्बर्ट खोरेव ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि रूस का मानना है कि पाकिस्तान और भारत को कश्मीर विवाद सिर्फ द्विपक्षीय तरीकों से ही सुलझाना चाहिए।



## अमेरिकी चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंचा कोर्ट

# एच-1बी वीजा को लेकर ट्रंप प्रशासन पर दायर किया मुकदमा, कहा 'गैरकानूनी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'यूएस चेंबर ऑफ कॉमर्स' ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को लेकर है, जिसे सरकार ने एक लाख डॉलर तय किया है। चेंबर का कहना है कि यह शुल्क 'गैरकानूनी' है और इससे अमेरिकी कंपनियों को भारी नुकसान होगा। वॉशिंगटन की एक जिला अदालत में दायर याचिका में कहा गया है कि अगर यह शुल्क लागू किया गया तो अमेरिकी कंपनियों को या तो अपने श्रमिक खर्च बहुत बढ़ाने होंगे या फिर उन्हें कुशल कर्मचारियों की संख्या घटानी पड़ेगी, जिनके लिए घरेलू विकल्प आसानी से नहीं मिलते। चेंबर ने ट्रंप के 19 सितंबर के आदेश को स्पष्ट रूप से अवैध और अमेरिका के आर्थिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए लाभदायक बताया। कहा कि यह घोषणा न केवल एक भ्रामक नीति है बल्कि यह स्पष्ट रूप से गैरकानूनी भी है। राष्ट्रपति के पास यह अधिकार कानून द्वारा सीमित है और कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का सीधे तौर पर खंडन नहीं कर सकता।





# इस साल 5 की जगह 6 दिवसीय दीप उत्सव पर्व आज से

## धनतेरस पर धनवंतरी और कुबेर का पूजन होगा आज

**जबलपुर।** शास्त्र और व्यवहार में लक्ष्मी जी के अनेक रुप मिलते हैं। दीपावली उनका ही पर्व है। लक्ष्मीजी का स्वभाव चंचल है। वह किसी एक स्थान पर अधिक समय के लिये वास नहीं करती, लेकिन धनतेरस पर लक्ष्मीजी के स्थाईभाव की पूजा अर्चना होती है। धन की महत्ता बताने के लिए ही महालक्ष्मी धन त्रयोदशी, धनतेरस और और धनवंतरी के रुप में हमारे सामने आती हैं। कार्तिक कृष्ण त्रियोदशी इस वर्ष दो अमावस्या होने के कारण दीपोत्सव पांच की जगह छह दिन का होगा। आज शनिवार 18 अक्टूबर से दीपोत्सव का पांच दिवसीय पर्व प्रारंभ हो रहा है। दीपावली के दो दिन पूर्व मनाए जाने वाला पर्व पूरे उल्लास भरे वातावरण में पूजा अर्चना के साथ मनाया जाएगा। इस दिन धन के देवता कुबेर और मृत्यु के देवता यमराज की पूजा का विशेष महत्व है। शहर की सजी-धजी दुकानों और जगमग रोशनी से नहाएं शहर में



सोना-चांदी, बर्तन, व्हीकल्स, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कपड़े, ज्वेलरी आदि की आज धनतेरस पर जमकर खरीददारी होगी।

### धनतेरस की खरीददारी शुभ फलकारी

ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतमाचार्य के अनुसार आज धनतेरस में सोना, चांदी, बर्तनों के अलावा अन्य सामानों की खरीददारी शुभ फलदायी मानी गई है। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई हैं। दुकानों, शोरुमों को लुभावने नारों, आकर्षक छूट और विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है। धनतेरस पर बर्तनों और सोना-चांदी की खरीदी का विशेष महत्व होने से बर्तनों और सोना चांदी की दुकानों, शोरुम दुल्हन की तरह सजे-धजे दिखाई दे रहे हैं। नगर के प्रमुख सराफा बाजार और कोतवाली क्षेत्र में स्वर्णभूषणों व बर्तनों की खरीदी के लिए आज शनिवार को लोगों की अच्छी खासी भीड़ नजर आएगी।

### भगवान धनवंतरी और वैदिक देवता यमराज का होगा पूजन

कार्तिक कृष्ण की त्रियोदशी को भगवान धनवंतरी और वैदिक देवता यमराज के पूजन का विधान है। पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान निकले अमृत को भगवान धनवंतरी ने एक कलश में एकत्रित किया था। इसलिए बाजार से नए बर्तन खरीदकर उसमें पकवान रखकर भगवान की तस्वीर के सामने रखे जाने और भोग लगाकर पूजन की परंपरा है। इसी तरह अकाल मृत्यु से बचने के लिए, वैदिक देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन यम के लिए आटे का दीप जलाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता है। रात के समय घर की महिलाएं दीपक में तेल डालकर चार बत्तियां जलाती है। जल, रोरी, चावल, गुड नेवैद्य आदि से यमराज का पूजन किया जाता है।

### दीपावली महालक्ष्मी पूजन

20 अक्टूबर दिन सोमवार को ही शाम 7.12 बजे से रात 9.18 तक स्थिर वृषभ लग्न का उत्तम मुहूर्त है। इसके बाद रात 11.22 से 1.40 बजे तक निशीथ काल विशेष मुहूर्त रहेगा। ज्योतिषि के अनुसार दीपावली प्रदोष काल में ही मनाई जाती है, इसलिए दीपावली उत्सव 20 अक्टूबर को ही मनाना शास्त्र सम्मत होगा।

### अन्नकूट गोवर्धन पूजन

दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। इस दिन लोग श्रद्धा भाव के साथ गोवर्धन पूजा विधि ओर विधान के साथ करते है। इस बार गोवर्धन पूजा को लेकर कुछ ऐसे संयोग बन रहे हैं कि इस वर्ष दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा नहीं अपितु 1 दिन बाद यानि 22 अक्टूबर बुधवार को होगी।

### भाई दूज यम द्वितीया

यम द्वितीया के दिन शुभ मुहूर्त में कलम दवात या फिर लेखनी को चित्रगुप्त प्रतिरुप में पूजा जाता है। इस दिन बिजनेस करने वालें अपने नए बहीखातों पर श्री लिखकर अपने काम को शुरु करते है। मान्यता है कि व्यवसायी अपने कारोबार से जुड़े आय व्यय का विवरण भगवान चित्रगुप्त के समक्ष रखते है और अपने बिजनेस में तरक्की कीकामना करते है। भाई दूज एवं यम द्वितीया का पर्व गुरुवार 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

# धनतेरस के लिये दुल्हन की तरह सज गये बाजार

## आज बाजारों में होगी जमकर खरीददारी

**जबलपुर।** दीपोत्सव पर्व की शुरूआत शनिवार को धनतेरस के साथ हो रही दीपोत्सव पर्व की तैयारियों को लेकर पिछले महीने भर से लोग व्यस्त रहे। घर-मकान, प्रतिष्ठान की सफाई पुताई करने के बाद अब लोग त्यौहार मनाने के मूड में आ गये। बाजारों में धनतेरस के लिये सभी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। दो दिन पूर्व से बाजार रंग बिरंगी रोशनी और माल के नये-नये स्टॉक, उपहार योजना, डिस्काउंट व उपभोक्ताओं को आकर्षित करने वाली योजनाओं के साथ सजधज गये। धनतेरस पर जमकर बाजारों में धन बरसेगा, लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार खरीददारी करेंगे। शासकीय दफ्तरों में वेतन बट चुका है, केन्द्रीय कर्मचारियों को बोनस की बड़ी-बड़ी रकम मिल चुकी है। लिहाजा बाजार में आज मंहगाई के बावजूद अच्छी बिकवाली होने की उम्मीद है। स्वर्ण आभूषणों से लेकर बर्तन, कपड़े, मेवा मिष्ठान, पकवान, पटाखे, रंगोली और रंग बिरंगी विद्युत झालरों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम की दुकानों में कुछ ज्यादा ही चमक दमक दिखाई देगी। 6 दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन लोग शुभ मुहूर्त में खरीदी करने के बाद घरों में स्वास्थ्य के देवता धनवंतरी भगवान की पूजा अर्चना कर पूरे परिवार की स्वस्थ रहने की कामना करेंगे। इसके अलावा दूसरे दिन नरक चौदस का पर्व मनाया जायेगा। इस दिन घूरे में भी और घर के निस्तारी कोनों-कोनों में भी दिये की रोशनी का उजाला किया जायेगा। तीसरे दिन धन-धान्य की देवी लक्ष्मी और प्रथम पूज्य विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि, वैभव और ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी को घर परिवार, प्रतिष्ठान, की समृद्धि की प्रार्थना की जायेगी।

# शिनावात्रा विश्वविद्यालय (बैंकॉक) और महाकौशल विश्वविद्यालय (जबलपुर) के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**पाटन।** शैक्षणिक सहयोग और वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए थाईलैंड के प्रतिष्ठित शिनावात्रा विश्वविद्यालय और जबलपुर स्थित महाकौशल विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के छात्रों और शिक्षकों के लिए या अकादमी को व्यावसायिक विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इस समझौते के लिए दोनों विश्वविद्यालय एक दूसरे के साथ मिलकर कई कार्यक्रम चलाएंगे। इनमें प्रमुख संकाय विनिमय कार्यक्रम जिसमें की दोनों विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और शोधकर्ता एक दूसरे के कैंपस में जाकर अध्यापन शोध और ज्ञान




साझा करेंगे। छात्र विनिमय कार्यक्रम, इसके अंतर्गत दोनों देशों के छात्र एक या दो सेमेस्टर के लिए दूसरे विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे। पेशेवर विकास, संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट वर्कशॉप सेमिनार और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित की जाएंगे जिससे छात्रों और शिक्षकों दोनों के कौशल का विकास होगा, इसके अलावा साहित्य डिग्री प्रोग्राम सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक संसाधनों के आदान प्रदान पर भी सहमति बनी है।



# रंगोली, निबंध के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

**जबलपुर।** लक्ष्मीनारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी जबलपुर के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा स्वीप प्रकोष्ठ जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली एवं हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा सके। आयोजन का संचालन सिद्धार्थ राय के मार्गदर्शन, अजय वर्मा एवं रजिस्ट्रार केके शिवहरे की उपस्थिति में हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में सतीश ठाकुर, किरण चौधरी, मुस्कार पटेल ने प्रथम, ममता लोधी, सीमा गोंड ने द्वितीय तथा शालिनी नोरैया, भारती पटेल, सानिया बर्मन, सुहानी झारिया, सानिया कोल, सुलेखा सूर्यवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में आशी पटेल ने प्रथम, शिवांशी पटेल ने द्वितीय तथा भावना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विक्रम चांद का विशेष योगदान रहा।

# स्वच्छता अभियान के तहत प्रदर्शित किया स्वच्छ रेलगाड़ी नुक्कड़ नाटक

**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस महोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में भारतीय रेलवे द्वारा दिनांक 01 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा-2025 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के यांत्रिकी विभाग द्वारा रेलवे परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता संदेश देना था। रेलगाड़ी छुक-छुक गीत के माध्यम से पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने ट्रेनों में साफ़-सफाई कर स्वच्छ रखने का सन्देश दिया। साथ ही बैनरों के द्वारा उन्होंने लोगों को स्वच्छ, सुखद और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (इएनएचएम) श्री पाराशर ने बताया कि रेलवे पर चलाये जा रहे



स्वच्छता महोत्सव के पर्व पर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता का प्रचार-प्रसार कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पूरे रेलवे को स्वच्छ बनाए रखना मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर स्वच्छता महोत्सव में भाग लेने वाले पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और बड़ी संख्या में उपस्थित रेल कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (इएनएचएम) श्री लक्ष्मण प्रसाद एवं मुख्यालय के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

यह नुक्कड़ नाटक पश्चिम मध्य रेल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में धूमधाम से मनी दीवाली

**जबलपुर।** इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में दीवाली के अवसर पर रंग-बिरंगी पारंपरिक पार्टी का आयोजन हुआ। बच्चों और अभिभावकों ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया। स्कूल को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। म्यूज़िक, आर्ट एंड क्राफ्ट, और ड्राई कुकिंग जैसी गतिविधियों के ज़रिए बच्चों ने संस्कृति से जुड़ाव महसूस किया। कार्यक्रम ने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग और उल्लास का माहौल बनाया।

# विद्युत कंपनी ने 90 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी ने दिवाली का तोहफा देते हुए अपने 90 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं। मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) कार्यालय से जारी आदेशानुसार सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, सहायक मानचित्रकार/ रेखण सहायक श्रेणी- एक, कनिष्ठ शीघ्रलेखक, अनुभाग अधिकारी, कार्यालय सहायक एक, दो, तीन, वरिष्ठ परीक्षण सहायक/ परीक्षण सहायक/ परीक्षण पर्यवेक्षक, वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक/ मुख्य सुरक्षा सैनिक, भृत्य एवं 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिक शामिल हैं।

# एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स में मनाया गया दीपावली पर्व




**जबलपुर।** ए.पी.एन परिवार द्वारा दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुन्दर रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कार्मचारियों को संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुये कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, इसे हम सभी को आपस में मिल-जुलकर मनाना चाहिये, जिससे खुशियाँ बढ़ जाती हैं और त्यौहार को मनाने में आनन्द आता है। जिस प्रकार हम दीपावली में दीप जलाकर रोशनी करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने हृदय में सकारात्मक विचारों को उत्पन्न कर सभी के प्रति सदभाव का व्यवहार करना चाहिये। शाला प्रबंधकारिणी समिति द्वारा उपस्थित अतिथिगणों एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उपहार भेंटकर दीपावली की बधाई दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर अजीत श्रीवास्तव, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, शाला प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, ज्ञानचन्द गोलछा, मयंक श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, डिग्री/बी.एड. महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्या स्नेह चर्तुवेदी सहित मनु श्रीवास्तव, पार्षद अमरचन्द बावरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक दिलीप कोरी, नीति तंगादुरई, ममता दीक्षित का सराहनीय योगदान रहा। मंच का सफल संचालन प्रेरणा पाण्डे एवं शिम्पी सिंह द्वारा किया गया।

# दैवेभो कर्मचारियों के साथ कोई छेड़खानी नहीं की जाएगी, सीएम ने बालयोगी उमेशनाथ को दिया भरोसा



**जबलपुर।** दिल्ली प्रवास के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति को मध्य प्रदेश शासन द्वारा गलत बताया गया, इस संबंध में श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज (राज्यसभा सांसद) ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जो कि अभी बिहार प्रवास पर हैं एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जो कि अभी केदारनाथ धाम की यात्रा पर हैं, दोनों ही मंत्रियों से दूरभाष पर चर्चा की, दोनों ने आश्वासन दिया कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के साथ कोई छेड़खानी नहीं की जाएगी, इस आश्वासन के साथ स्वामी उमेशनाथ महाराज ने मध्य प्रदेश के समस्त वाल्मीकि समाज से अनुरोध किया कि किसी भी समाचार पत्रों में छपी हुई खबरों पर ध्यान न देकर आप आने वाला दीपावली पर्व अच्छे से मनाएं।

**PRESS NOTE**

It is hereby expressed to General Public regarding the property of Gulab Chand Batav, R/o Gulab Chand Farm House, Tihari, Mandla Road, Behind Anantara Residential Resort, Jabalpur (MP)- Pin Code 462021 Regarding the Property Agriculture Land detailing situated at mouza Kajarwara. N.B. 505, Patwari Halka No. 23/10. Tehsil Ranjhi, District Jabalpur bearing Kh. No. 386/2, admeasuring 0.450 hectare (1 acre) out of total 1.21 hectare and the absolute owner of the said property is Gulab Chand Batav (my client) had made an agreement between Shri Rabnoor Singh Talwar & Shri Sameer Salariya (M/s S.R. Builders) and the property was given by my client Gulab Chand Batav for residential purpose and for proposed construction of houses over it and the above said persons had given Rs 10 Lakh for the condition of all construction to be made by the said persons, but they could not do well within the time and my client Gulab Chand had received the said amount Rs 10 Lakh from above mentioned persons, but due to some legal reason it was returned back to my client, thereby the Gulab Chand by a legal notice informed to said persons said agreement declared as null and void and it is expressed that after this notice if anybody has made any sale deed or any document for ownership will be treated as null and void therefore, all general public is informed that not to make any transaction or any alteration regarding above said property and if any one made any agreement. regarding above said property be treated as null and void, if any of general public person made any agreement of transfer the property mentioned then contact to my client within 15 days, if any agreement made Shri Rabnoor Singh Talwar & Shri Sameer Salariya (M/s S.R. Builders) to any one for transfer of the property by these persons would be treated as ineffective. ab-initio, null & void, and in future if such kind of transaction is done would be also ineffective & null & void, otherwise after resorting the same will become infructuous and my client Gulab Chand would be free to make any agreement or transfer the property to any one.

Jabalpur
Dt.17/10/2025

**CHIMANLAL SETHI ADVOCATE**
High Court of
Madhya Pradesh, Jabalpur
OFFICE/RESI. -New Narmada Nagar,
Gohalpur, Jabalpur(MP) 9424525874

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 12 घंटाघर, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं.संभा.अधि./12/2025-26/एम/25
दिनांक :- 16/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रैना सोनकर पति श्री प्रदीप सोनकर ने मकान नं. 855 का भाग वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल- 782.5 व.फु. खुली भूमि दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

# स्टेशन चेकिंग के दौरान पकड़े गये दो शातिर बदमाश

## कब्जे से जीआरपी ने जब्त किये नगदी, मोबाईल व जेवरात



**जबलपुर।**

पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आरोपी राजा गोंड पिता राजू गोंड उम्र 19 वर्ष निवासी मांडवा बस्ती रामपुर छापर थाना गोरखपुर जिला जबलपुर एवं विवेक ठाकुर पिता ओमप्रकाश ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी अनगढ़ महावीर मंदिर के पास गोरखपुर थाना गोरखपुर जिला जबलपुर को संदिग्ध हालत में रेलवे स्टेशन जबलपुर के आऊटर में चोरी की नीयत से घूमते हुये पकड़े जाने के पश्चात थाना लाकर पूछताछ की गई तो आरोपी राजा गोंड द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों के लेडिज पर्स मोबाईल व नगदी चोरी करने की कुल 08 वारदातें स्वीकार किया गया, मामलों के आरोपी राजा गोंड व विवेक ठाकुर की निशानदेही पर नगदी, सोने, चाँदी के जेवरात, घड़ी एवं आईफोन मोबाईल कुल कीमती 75,000 रूपये का मशरूका जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर से SHO संजीवनी राजपूत, सउनि. प्रीतम सिंह, सउनि. भागचन्द उद्दे, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, परमात्मा राय, वीरन महोबिया, हर्ष स्वरूप शर्मा आरक्षक रविकांत, परशुराम, गोपाल, उमेश, ओमप्रकाश बघेल, म.आर. आकृति मिश्रा एवं आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के आर. हरिकेश दुबे, सूर्यनाथ यादव एवं आरपीएफ शाखा सीआईबी के प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक रेल पुलिस जबलपुर के द्वारा उचित ईनाम की घोषणा की गई।

# ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने मुस्लिम समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** थाना ओमती में पहुंचे ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारी ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि शहर के माहौल को खराब करने एवं मुसलमान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर कठोर सख्त कार्रवाई की जाए। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारी ने बताया कि विगत 26 सितंबर को विश्व हिंदू सेवा परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा घंटाघर ओमती थाने में थाना परिसर में खड़े होकर अतुल जेसवानी द्वारा मुसलमान को जिहादी बोला गया एवं खुली धमकी दी गई, इस व्यवहार से हमारे जबलपुर संस्कारधानी की छवि को धूमिल किया जा रहा है और संस्कारधानी की फिजा को खराब करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है, उनके बयान से जबलपुर में तनाव और अशांति फैलने की संभावना है। ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी से हम जबलपुर के मुसलमान की भावनाएं आहत हुई हैं अतः कमेटी यह मांग करती है कि शहर में अमन आपसी सौहार्द सद्भावना बने रहने के लिए इस प्रकार के लोगों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के सदस्यों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर मांग की है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 12 घंटाघर, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं.संभा.अधि./12/2025-26/एम/20
दिनांक :- 18/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेख इरफान पिता शेख छोटे खॉं ने मकान नं. 307 का भाग वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल- 187 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 187 व.फु., भूतल 187 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अनिकेत जैन पिता पदम कुमार जैन निवासी- 578, शिवनगर, जबलपुर विक्रेता राकेश सुहाने पिता नन्द किशोर सुहाने निवासी 1444, सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल वार्ड, जिला जबलपुर से उनके हिस्से की खसरा नं. 140/1029 में स्थित रकवा 1475 वर्गफुट संपत्ति क्रय करने का इकरार कर रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय या अन्य किसी को इसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरा पक्षकार संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करा लेगा और निर्धारित समय सीमा पश्चात प्राप्त आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

जबलपुर
दिनांक 17/10/2025

एच.एस. ठाकुर
रितेश सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
ऑफिस/निवास-सरस्वती कॉलोनी, कमल भवन के पास, चेरीताल, जिला जबलपुर म.प्र
मो.नं. 9300103342, 7477087354

## कुल 5 लाख छोटे-बड़े ज्वेलर्स, एक ज्वेलर औसतन 50 ग्राम सोना बेचेगा

# आज धनतेरस, देशभर में कुल 25 टन सोने की बिक्री का अनुमान

वाणिज्य डेस्क ▶▶| भोपाल



**बुलियन सिक्कों और लाइटवेट ज्वेलरी की अधिक मांग**

दीवाली के पूर्व आज धनतेरस पर राजधानी सहित देशभर के बाजारों में बड़ी धूमधाम है। बाजारों में ग्राहकों खूब भीड़ देखी जा रही है। एक लंबे समय के बाद व्यापारियों और ग्राहकों के चेहरे पर खुशी की चमक लौटी है। शनिवार को धनतेरस का बड़ा त्योहार है। इस दिन सोना चांदी, बर्तन, रसोई उपकरण आदि को खरीदना शुभ माना जाता है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के अनुमान के मुताबिक भोपाल सहित समूचे देश में धनतेरस के अवसर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सोने चांदी के व्यापार का अनुमान है। कैट एवं एआईजेजीएफ द्वारा देशभर के सर्राफा बाजारों में किए गए धनतेरस सर्वेक्षण के अनुसार इस वर्ष धनतेरस पर सोने–चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है, जबकि स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में कुछ गिरावट का अनुमान है। बताया कि सोना–चांदी के रिकॉर्ड ऊंचे दामों के चलते मध्यम और उच्च वर्ग के ग्राहक निवेश के रूप में अब ठोस सिक्कों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं ज्वेलरी की मांग में कमी दर्ज की जा रही है। विवाह सीजन के खरीदार भी अब भारी आभूषणों की जगह हल्के गहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान सोने का भाव लगभग 80 हजार प्रति 10 ग्राम था, जो इस वर्ष बढ़कर 1,30,000 प्रति 10 ग्राम को पार कर गया है। यानी करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसी प्रकार चांदी की कीमतें 2024 में 98,000 प्रति किलोग्राम थी, जो अब 1,80,000 प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई हैं, यानी लगभग 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### 1 हजार टन चांदी की बिक्री का अनुमान



स्थानीय सराफा व्यापारियों के अनुसार धनतेरस से दीपावली तक के त्योहारी सीजन में सबसे अधिक मांग बुलियन और सिक्कों की रहने की संभावना है। वही कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल तथा एआईजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा ने कहा कि देशभर में करीब 5 लाख छोटे-बड़े ज्वैलर्स सक्रिय हैं। यदि प्रत्येक ज्वेलर औसतन 50 ग्राम सोना बेचता है, तो कुल मिलाकर लगभग 25 टन सोने की बिक्री होगी, जिसकी मौजूदा भाव से अनुमानित कीमत 32,500 करोड़ होगी। इसी प्रकार, प्रत्येक ज्वेलर द्वारा औसतन 2 किलो चांदी बेचने पर लगभग 1,000 टन चांदी की बिक्री होगी, जिसकी मौजूदा कीमत 18,000 करोड़ के आसपास अनुमानित है। देशभर के सर्राफा बाजारों में कुल मिलाकर लगभग 50,000 करोड़ से अधिक के व्यापार का अनुमान है। कहा कि बदलते बाजार रुझानों को देखते हुए ज्वैलर्स अब फैंसी ज्वैलरी और चांदी के सिक्कों जैसे नए विकल्पों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि ग्राहकों की बदलती मांग के अनुरूप व्यापार को गति दी जा सके।

## दीपोत्सव पर बढ़ी मिठाइयों की मिठास

**मिठाइयों की दुकानें भांति-भांति प्रकार के आइटमों से लबरेज**

# बाजार में 400 से 10 हजार रुपए किलो तक की मिठाई



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

दीपावली भी खुशियों का त्योहार है। ऐसे में इस पर्व में मिठाई का महत्व दोगुना हो जाता है।

राजधानी के अलग-अलग बाजारों में कई तरह की मिठाइयां उपलब्ध हैं। दीपावली को लेकर मिठाइयों की दुकानें में भांति-भांति प्रकार की मिठाइयों से लबरेज है। न्यूमार्केट, चौक बाजार, दस नंबर मार्केट, संत हिरदाराम नगर, भेल, कोलार, होशंगाबाद रोड समेत शहर के अलग-अलग इलाकों में स्वीट हाउस पर खरीदारों की अच्छी भीड़ है। बाजारों में इस बार 40050 से लेकर 10 हजार रुपए प्रति किलो तक की मिठाई मौजूद है।

### सोने की परत से डिजाइन की गई पिस्ता की मिठाई सबसे महंगी

*दिवाली में मिठाइयों की बात ना हो ऐसा हो नहीं सकता है। मिठाइयों में कई तरह की वैरायटीज और हैम्पर्स व प्रीमियम बॉक्सेस उपलब्ध हैं। मनोहर स्वीट्स के मुरली हरवानी के अनुसार दीपावली पर मिठाइयों की काफी डिमांड रहती है। घरों के अलावा मिठाइयों के कॉरपोरेट ऑर्डर्स भी हैं। जो लोग मावा आदि कम पसंद करते हैं उनके लिए ड्राई फ्रूट्स की मिठाइयां हमारे यहां उपलब्ध हैं। मनोहर फुड्स शहर के रिटेल काउंटरों में 100 से अधिक वैरायटीज की मिठाईयां उपलब्ध करा रहा है। सोने की परत से डिजाइन की गई पिस्ता की मिठाई सबसे महंगी बिक रही है। बाकी डिजाइनदार टोकनी में ड्रायफ्रूट लोग गिफ्ट देने के लिए खरीदते हैं।*

### सैमसंग गैलेक्सी एम 17-5 जी की बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने घोषणा की है कि भारत के उपभोक्ता आज से हाल ही में लांच किए गए गैलेक्सी एम17-5जी को खरीद सकते हैं। गैलेक्सीएम17- 5जी अमेजन, सेमसंग डॉट कॉम और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स के माध्यम से उपलब्ध होगा, जहां 4/128 जीबी वैरिएंट की कीमत 12,499 रुपये से शुरू है। 6/128 जीबी वैरिएंट 13,999 रुपए और 8/128 जीबी वैरिएंट 15,499 रुपए में उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता प्रमुख बैंकों, एनबीएफसी पार्टनर्स के माध्यम से आसान ईएमआई ऑफर का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्हें 3 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई का फायदा मिलेगा।

### एमराल्ड के मुनाफे में 120 फीसदी उछाल

**मुंबई।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2026 दूसरी तिमाही में कुल आय 4.89 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 66.21 रुपए, ईबीआईटीडीए 4.37 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 78.53 फीसदी , शुद्ध लाभ 2.98 करोड़ रुपए रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय अग्रवाल ने कहाकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही एमराल्ड फाइनेंस के लिए एक और मजबूत तिमाही रही जो हमारे प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि की गति को दर्शाती है। हमारा गोल्ड लोन सिंडिकेशन व्यवसाय भी अच्छी गति से बढ़ रहा है, और वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 115 करोड़ से अधिक का वितरण किया गया है। यह हमारे पार्टनर्स के बढ़ते विश्वास और हमारे एसेट-लाइट, टेक्नोलॉजी-चालित मॉडल की विस्तार क्षमता को दर्शाता है।

# रिलायंस का लाभ 9.6 फीसदी बढ़कर 18,165 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- लाभ में बढ़ोतरी उपभोक्ता व्यवसाय में सुधार आने के कारण
- कंपनी के राजस्व में वृद्धि तेल से लेकर रसायन कारोबार में सुधार से आई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत बढ़कर 18,165 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की समान अवधि में आरआईएल ने 16,653 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे की सूचना देते हुए कहा कि इस अवधि में उसके लाभ में बढ़ोतरी मुख्य रूप से मजबूत उपभोक्ता व्यवसाय और तेल-से-रसायन कारोबार में सुधार के चलते आई है। हालांकि, अप्रैल-जून तिमाही के मुकाबले कंपनी के लाभ में गिरावट आई है। जून तिमाही के मुकाबले रिलायंस इंडस्ट्रीज का लाभ सितंबर तिमाही में 33 प्रतिशत घट गया है। रिलायंस का परिचालन राजस्व बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 2.35 लाख करोड़ रुपये था।

### जियो प्लेटफॉर्म्स का लाभ 13 प्रतिशत बढ़ा

जियो प्लेटफॉर्म्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 12.8 प्रतिशत बढ़कर 7,379 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में बताया कि यह वृद्धि प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में वृद्धि और फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सेवा- जियोएयरफाइबर की बढ़ती मांग के कारण हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के दूरसंचार और डिजिटल व्यवसायों का संचालन करने वाली जियो प्लेटफॉर्म्स का परिचालन राजस्व सितंबर तिमाही में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 36,332 करोड़ रुपये हो गया।

### विदेशीमुद्रा भंडार घटकर 698 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.60 अरब डॉलर घटकर 572.10 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.59 अरब डॉलर बढ़कर 102.36 अरब डॉलर हो गया।

### एजेस फेडरल ने की सीएसबी बैंक से साझेदारी

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने पूरे भारत में लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा व्यक्तिगत उद्यमियों के बीच जीवन बीमा समाधानों की पैठ बढ़ाने के लिए सीएसबी बैंक के साथ बेहद अहम एसएमई बैंक इंश्योरेंस साझेदारी की घोषणा की है। एजेस ग्रुप को पूरी दुनिया में एसएमई लाइफ इंश्योरेंस में महारत हासिल है, जिसे देखते हुए यह महत्वपूर्ण साझेदारी सीएसबी बैंक और एजेस फेडरल को क्रेडिट, बचत और जीवन बीमा को मिलाकर ग्राहकों को हर तरह के वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने में मददगार है। सीएसबी बैंक फिलहाल देश भर में 834 शाखाओं और 800 एटीएम का संचालन करता है, जो निजी क्षेत्र में नए ज़माने के एक ऐसे बैंक के रूप में बदल रहा है, जो ग्राहकों को आसानी सेउधार लेने, लेनदेन करने, बचत करने और निवेश करने की सुविधा देता है। सीएसबी बैंक के एमडी और सीईओ, प्रलय मोंडल ने कहाकि हमें एजेस फेडरललाइफ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी करके, अपने ग्राहकों को हर तरह की सुरक्षा प्रदान करने वाले विकल्पों की पेशकश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

**कुवैत में बनेगा अत्याधुनिक गैस स्वीटनिंग प्लांट**

# मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स को कुवैत से 225.5 मिलियन डॉलर की बड़ी परियोजना मिली

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद/कुवैत



मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को कुवैत ऑयल कंपनी से 225.5 मिलियन डॉलर (करीब 1,875 करोड़) की अंतरराष्ट्रीय परियोजना मिली है। इसके तहत कंपनी वेस्ट कुवैत के ऑयलफील्ड्स में अत्याधुनिक गैस स्वीटनिंग और सल्फर रिकवरी सुविधा का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगी। यह प्लांट ₹बिल्ड-ओन-ऑपरेट₹ मॉडल पर बनेगा, जिसे 790 दिनों में तैयार कर पांच वर्षों तक एमईआईएल संचालित करेगी। इसकी प्रोसेसिंग क्षमता 120 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट प्रति दिन होगी। संयंत्र में दो सल्फर रिकवरी यूनिट्स लगेंगी, जो 100 टन प्रतिदिन की क्षमता से सल्फर निकालेंगी।

### कुवैत के पाइपलाइन नेटवर्क से मीना अहमदी रिफाइनरी भेजा जाएगा

*गैस स्वीटनिंग प्रक्रिया में प्राकृतिक गैस से हानिकारक गैसें हटाकर स्वच्छ ईंधन तैयार किया जाएगा। शुद्ध गैस को कुवैत के पाइपलाइन नेटवर्क से मीना अहमदी रिफाइनरी भेजा जाएगा। एमईआईएल इस समय मंगोलिया, तंजानिया व इटली सहित कई देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। यह उपलब्धि कंपनी की वैश्विक क्षमताओं और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है।*

# अब बढ़ गई डेट, 31 दिसंबर तक कर सकते हैं आईटीआर फाइल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा में सरकार ने करदाताओं को राहत देते हुए कई बार विस्तार दिया है। शुरुआत में 31 जुलाई 2025 तक आईटीआर भरने की डेडलाइन थी, जिसे बाद में 15 सितंबर और फिर 16 सितंबर 2025 तक बढ़ा दिया गया। अब जिन टैक्सपेयर्स ने अभी तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं किया है, उनके पास 31 दिसंबर 2025 तक बिलेटेड आईटीआर फाइल करने का अवसर है। आयकर रिटर्न केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह आपके वित्तीय अनुशासन और कानूनी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

समय पर या विस्तारित अवधि में रिटर्न दाखिल न करने पर भारी जुर्माना, ब्याज और कानूनी कार्रवाई हो सकती है। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिलेटेड आईटीआर फाइलिंग की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की है। यह उन सभी करदाताओं के लिए लागू है जो मूल समय सीमा या विस्तारित समय सीमा 16 सितंबर 2025 तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए। इसके साथ ही जिन व्यक्तियों और कंपनियों पर टैक्स ऑडिट लागू होता है, उनके लिए ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2025 कर दी गई है।

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

# छग व्यापम लेगा 9 महीने में 28 परीक्षाएं, इनमें से 10 एंट्रेंस टेस्ट, शेष भर्ती के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

## व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने 2026 के लिए जारी किया कैलेंडर

- इसके पूर्व मार्च तक के लिए जारी हुआ था कैलेंडर, यह व्यापम का तीसरा कैलेंडर
- जनवरी से मार्च तक 7 परीक्षाएं, इस तरह 2026 में 35 परीक्षाएं आयोजित करेगा व्यापम




**तीन तिथियां आरक्षित**


व्यापम द्वारा परीक्षाओं के लिए तीन तिथियां आरक्षित रखी गई हैं। कैलेंडर जारी करने के बाद यदि किसी विभाग द्वारा नवीन भर्ती के लिए अर्जी आती है तो इन आरक्षित तिथियों में वह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए व्यापम पृथक से अधिसूचना जारी करेगा। इसके अलावा पूर्व निर्धारित भर्ती परीक्षाओं के लिए भी आवेदन तिथि, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि सहित अन्य सूचनाएं परीक्षाओं के निर्धारित समय पूर्व जारी की जाती रहेंगी। जिन तिथियों को व्यापम ने आकस्मिक परीक्षाओं के लिए निर्धारित किया है, उनमें 11 व 25 अक्टूबर तथा 29 नवंबर शामिल है।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बुधवार को वर्ष 2026 के लिए कैलेंडर जारी किया गया। यह व्यापम का तीसरा कैलेंडर है। इसके पूर्व व्यापम द्वारा जारी अपने द्वितीय कैलेंडर में मार्च तक होने वाली परीक्षाओं की जानकारी दी गई थी। बुधवार को जारी कैलेंडर में अप्रैल से दिसंबर माह तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथियां घोषित की गई हैं। मार्च से दिसंबर तक व्यापम 28 परीक्षाएं आयोजित करेगा। इनमें से 10 विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाएं हैं। शेष 18 परीक्षाओं के जरिए विभिन्न विभागों में नियुक्ति की जाएगी। वहीं, मार्च तक व्यापम 7 परीक्षाएं आयोजित करेगा। इस तरह से 2026 में व्यापम द्वारा 35 परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### एआई प्लस स्मार्टफोन ने पेश किया स्पार्कल रेड

**नई दिल्ली।** नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के एआई प्लस स्मार्टफोन ने अपने प्लस और नोवा 5जी मॉडलों में नया स्पार्कल रेड रंग संस्करण पेश किया है। भारत के त्योहारों की जीवंतता से प्रेरित यह नया रंग एआई प्लस स्मार्टफोन रेंज में एक साहसिक, ऊर्जावान रूप लाता है, जो इसके उपयोगकर्ताओं के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को दर्शाता है।


## शब्द पहेली - 6022



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6021 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6032

✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6031 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# द ताज स्टोरी का ट्रेलर रिलीज खुलेंगे कई अनसुने राज

**मुंबई।** परेश रावल ने कई कोर्ट रूम ड्रामा फिल्में की हैं। फिल्म ओएमजी में अभिनेता के किरदार ने भगवान पर केस किया था। अब परेश रावल फिल्म 'द ताज स्टोरी' में भी ताजमहल को कटघरे तक लेकर आ गए। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ। फिल्म 'द ताज स्टोरी' के ट्रेलर में परेश रावल के गाइड के रोल में दिखते हैं, जो ताजमहल में लोगों को घूमता है। अचानक वह ताजमहल पर केस कर देता है। यह मामला विवादित हो जाता है। एक धर्म विशेष के लोग परेश रावल के किरदार का विरोध करते हैं। वहीं, कोर्ट में इतिहास के पन्ने पलटे जाते हैं, जो ताजमहल को लेकर अलग ही कहानी कहते हैं।

लाइफ Style



# दीपिका
## मेटा एआई की नई आवाज बनीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मेटा एआई के लिए आवाज देती दिखीं। एक्ट्रेस की इस अचीवमेंट्स पर उनके फैंस काफी खुश हैं। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताती हैं कि वह मेटा एआई की नई आवाज बन रही हैं।

इस वीडियो पर दीपिका के फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। दीपिका भी वीडियो में काफी खुश नजर आ रही हैं। दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' इसके बाद वह अपनी आवाज के अलग-अलग सैंपल रिकॉर्ड करती हैं। इस प्रोसेस को दीपिका ने काफी एंज्वॉय किया। दीपिका की वीडियो पर उनके फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर लिखता हैं, 'यह बड़ी बात है।'


एक अन्य यूजर ने लिखा, 'नया दिन, नई उपलब्धि।'एक अन्य फैन ने कमेंट लिखा, 'आपकी आवाज बहुत अच्छी है।'इसी तरह के कई कमेंट्स फैंस ने दीपिका के वीडियो पर किए हैं। दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह शाहरुख की फिल्म 'किंग'कर रही हैं। इस एक्शन फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी एक्टिंग कर रही हैं। इसके अलावा दीपिका साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म को एटली डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म का नाम 'एए22xए6' है।

## हॉलीवुड मसाला



# यॉट पर हुई 'द वूमेन...' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स की नई थ्रिलर 'द वूमेन इन कैबिन 10' में किएरा नाइटली एक ट्रैवल जर्नलिस्ट के किरदार में हैं। फिल्म की शूटिंग हुई है असली सुपरयॉट सवाना पर, जिसकी कीमत है करीब 150 मिलियन डॉलर जो करीब 1,250 करोड़ रुपए होती है। ये दुनिया की पहली हाइब्रिड सुपरयॉट मानी जाती है और इसे किराए पर लेने के लिए हर हफ्ते 1 मिलियन डॉलर (8 करोड़ 78 लाख) चुकाने पड़ते हैं। 274 फीट लंबी इस यॉट को देखकर लगता है जैसे कोई फ्लोटिंग पैलेस हो।



# मार्क केर की बायोपिक है 'द स्मैशिंग मशीन'

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन स्टारर 'द स्मैशिंग मशीन' एक बायोपिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। यह दो बार के यूएफसी हैवीवेट चैंपियन मार्क केर के जीवन पर आधारित है। ड्वेन ने इसमें मार्क का लीड रोल प्ले किया है। यह फिल्म एमएमए चैंपियन के कॅरियर के उतार-चढ़ाव के बीच उनके अस्थिर रिश्तों की कहानी कहती है। फिल्म को तारीफ तो बहुत मिल रही है, लेकिन कमाई के मामले में यह फीकी रह गई है। 'द स्मैशिंग मशीन' ड्वेन जॉनसन के अब तक के कॅरियर की सबसे कम कमाई वाली फिल्म है, जिसने अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर 10 मिलियन डॉलर यानी करीब 88 करोड़ रुपए की कमाई की है। जबकि इसका बजट 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 439 करोड़ रुपए है। यह फिल्म 3 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# दिल्ली क्राइम सीजन-3 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स इंडिया का इंटरनेशनल एमी-विनिंग क्राइम ड्रामा 'दिल्ली क्राइम' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट आया है। इसमें नया केस है, जो इन्वेस्टिगेशन को दिल्ली की सीमाओं से आगे और देश भर में फैले संकट की ओर लेकर जाएगा। शेफाली शाह अपने पुराने किरदार में हैं तो उनकी 'बड़ी दीदी' से टक्कर होगी। क्या ये 'बड़ी दीदी' हुमा कुरैशी हैं! इस सीजन में डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) और उनकी टीम एक ऐसे केस का इन्वेस्टिगेशन करती है, जो छोड़े हुए बच्चों से शुरू होता है। बहुत बड़े ह्यूमन ट्रैफिकिंग गैंग का पता चलता है, जिसका समाज पर गहरा असर पड़ता है। यह सुराग उन्हें मीना तक ले जाता है, जिसे 'बड़ी दीदी' के नाम से भी जाना जाता है, जो एक ट्रैफिकिंग किंगपिन है, जिसका रोल हुमा कुरैशी ने सीरीज में अपने डेब्यू रोल में किया है।



# 'कुछ-कुछ होता है' ने पूरे किए 27 साल

**मुंबई।** फिल्म निर्देशक करण जौहर ने 1998 में अपनी पहली फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से निर्देशन की शुरुआत की थी। गुरुवार 16 अक्टूबर को इस फिल्म की रिलीज के 27 साल पूरे होने पर उन्होंने सेट की कुछ पुरानी यादें शेयर कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म का सेट प्यार, मजाक और खुशी से भरा हुआ था। करण ने इंस्टाग्राम पर सेट की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें शाहरुख खान, काजोल, रानी मुखर्जी, करण खुद, फराह खान, अर्चना पूरन सिंह और अनुपम खेर दिख रहे हैं। बैकग्राउंड में 'तुम पास आए' गाना बज रहा है। फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का निर्देशक करण जौहर ने किया था, जबकि फिल्म का निर्माण यश जौहर ने किया था। यह एक रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा है।

## टीवी मसाला



# जल्द शुरू होगा कपिल शर्मा शो का नया सीजन

**नई दिल्ली।** कॉमेडी इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे कीकू शारदा इन दिनों लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले दिनों शो 'राइज एंड फॉल' में नजर आए कॉमेडियन ने कपिल शर्मा शो के नए सीजन पर अपडेट दिया है। उन्होंने खुद के शो छोड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया है। कीकू शारदा ने पुष्टि की है कि लोकप्रिय शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' की शूटिंग जल्द ही फिर से शुरू होने वाली है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि कीकू शो छोड़ देंगे, लेकिन अभिनेता ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए बताया कि उनका शो और टीम के साथ जुड़ाव अब भी मजबूत है। टेलीविजन पर इसका प्रसारण कब होगा, इसका अभी तक कोई निश्चित समय नहीं है, लेकिन यह नवंबर में किसी समय आ सकता है।' कीकू ने बताया कि 'राइज एंड फॉल' में भाग लेते हुए उन्हें एक अलग तरह का रचनात्मक अनुभव मिला। उन्होंने कहा, 'वीकेंड्स कभी-कभी काफी तनावपूर्ण हो जाते हैं, लोग एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं और कई चीजों पर लड़ाई होती है। इस समय कॉमेडी एक राहत देती है और ज्यादा मनोरंजन जोड़ती है। जब मैं परफॉर्म करता हूं, मैं खुद को स्वतंत्र महसूस करता हूं और जब दर्शक देखते हैं, तो उन्हें भी वही अनुभव होता है। यह एक सुंदर आदान-प्रदान है, और यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।'

## कलाकारों ने साझा किए धनतेरस के समृद्धि और सौभाग्यप्रदायक रिवाज

**मुंबई।** आज धनतेरस, दीवाली उत्सव का पहला दिन घर-परिवार के लिए खुशी, भक्ति और समृद्धि लेकर आता है। एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने उन छोटी-छोटी रस्मों और परंपराओं के बारे में बात की, जिन्हें वे धनतेरस पर निभाती हैं, ताकि उनके जीवन में सौभाग्य और समृद्धि आए। इन कलाकारों में शामिल हैं- प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेडवाली' की लतिका), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)। प्रियंवदा कांत, जो जल्द ही एण्डटीवी के आगामी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका की भूमिका में दिखाई देंगी, ने कहा, "धनतेरस पर कुछ धातु की चीज खरीदूं, आमतौर पर चांदी के सिक्के या बर्तन, क्योंकि माना जाता है कि यह सौभाग्य को आकर्षित करता है। घर के प्रवेश द्वार को रंगोली और दीयों से सजाते हैं ताकि समृद्धि का स्वागत हो। हिमानी शिवपुरी, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हैं, ने कहा, "धनतेरस की शाम को 13 दीये जलाने की परंपरा है, जो भगवान धन्वंतरि और माँ लक्ष्मी को समर्पित होती है। यह परंपरा मैंने बचपन से निभाई है। हर साल चांदी का सामान खरीदा जाए, चाहे वह सिक्का हो या मूर्ति, क्योंकि यह शांति और समृद्धि का प्रतीक है। विदिशा श्रीवास्तव, जो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, "दिन की शुरुआत घर की सफाई और सजावट से करते हैं, ताकि हर कोना रोशन और स्वागतयोग्य लगे। शाम को हम लक्ष्मी मां की पूजा करते हैं और हर कमरे में दीपक जलाते हैं। एक छोटा सा रिवाज जिसे मैं कभी नहीं छोड़ती वह है झाड़ू और सोने या चांदी का सिक्का खरीदना। कहा जाता है कि इससे नकारात्मकता दूर होती है और समृद्धि आती है। इस साल, मेरे पति और बेटी के साथ हम पूजा से पहले घर पर मिठाई भी बनाएंगे, क्योंकि मिठाई बांटना खुशी और सकारात्मकता फैलाने का प्रतीक है।"



# डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज का निर्देशन करेंगे रेमो

**मुंबई।** रेमो डिसूजा ने अपनी नई फिल्म 'डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज' की घोषणा कर दी है। यह फिल्म अंडरवर्ल्ड की कहानी को दिखाएगी। इस फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म 'डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज' को रेमो डिसूजा निर्देशित करेंगे, जबकि फिल्म का निर्माण संदीप सिंह करेंगे।





फिल्म की एक खास झलक गुरुवार को रिलीज की गई है, जिसमें 'अंडरवर्ल्ड' का खौफनाक नजारा साफ दिखाई दे रहा है। जिसकी शुरुआत लिफ्ट के एक सीन से होती है। इसके बाद पुराने जमाने की ब्लैक रंग की एक मर्सिडीज कार पूरी तेज रफ्तार से सड़क पर चलती नजर आती है। फिर अचानक से एक आधा चेहरा सामने दिखाई देता है-जिसने ब्लैक चश्मा पहना हुआ है। यह शख्स ब्लैक मर्सिडीज में बैठा है और सिगरेट के कश पी रहा है। यह कार एक होटल के सामने लिफ्ट के आगे रुकती है और फिर होती है गोलियों की बौछार। पूरी लिफ्ट खून और गोलियों से भर जाती है। रेमो डिसूजा ने अपनी फिल्म 'डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज' की खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मुंबई अंडरवर्ल्ड फिर से उठ खड़ा हुआ! पेश है #डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज, मुंबई के दिल से एक कच्चा, भावनात्मक और विस्फोटक एक्शन ड्रामा।' 'डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज' का निर्माण संदीप सिंह कर रहे हैं। इस गैंगस्टर्स ड्रामा एक्शन फिल्म का निर्देशन रेमो गोपी डिसूजा करेंगे। यह फिल्म क्लासिक मुंबई अंडरवर्ल्ड शैली की वापसी का प्रतीक है।

# शोमैन राजकपूर से लेकर अमिताभ और शाहरुख की शानदार दिवाली पार्टी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के शो राजकपूर अपनी अदाकारी, फिल्मों की कहानी के लिए ही नहीं जाने जाते हैं, वह शानदार दिवाली पार्टी भी दिया करते थे। इस पार्टी में सितारों का मेला लगता था। राजकपूर के बाद अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान की दिवाली पार्टियां भी चर्चा में रहीं। इन सुपरस्टार्स की दिवाली पार्टी की कुछ खास बातों के बारे में जानिए।

***आरके स्टूडियो वाली खास दिवाली पार्टी :*** राजकपूर की दिवाली पार्टी की चर्चा आज तक होती है। बॉलीवुड के शो मैन राजकपूर अपने आरके स्टूडियो में पार्टी दिया करते थे। इस दिवाली पार्टी में बॉलीवुड के नामी सितारे, गायक शामिल होते थे। फिल्मी सितारों के अलावा इस पार्टी में राजकपूर के स्टूडियो में काम करने वाले लोग भी शामिल होते थे। पार्टी के आखिर में वह सबको तोहफे जरूर दिया करते थे।



यही बात उनकी पार्टी को खास बनाती थी। राजकपूर के गुजर जाने के बाद आरके स्टूडियो में दिवाली मनाने का सिलसिला खत्म हो गया।

***सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है खाना :*** राजकपूर के बाद अमिताभ बच्चन की दिवाली पार्टी में काफी रौनक रहती है। पूरा बॉलीवुड इस पार्टी में शामिल होता है। अमिताभ बच्चन पार्टी में आए लगभग सभी लोगों से मिलते हैं। शहंशाह की इस दिवाली पार्टी का खाना सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है। भारतीय पकवानों से पार्टी में चार चांद लग जाते हैं।

***हाई सिक्योरिटी :*** शाहरुख खान की दिवाली पार्टी में भी सितारों का मेला लगता है। शाहरुख खान इस बात के लिए मशहूर हैं कि वह हर शख्स के साथ फोटो क्लिक करवाते हैं। पार्टी खत्म होने के बाद सबको खुद बाहर तक छोड़कर आते हैं। लेकिन, शाहरुख खान की दिवाली पार्टी की फोटो पैपराजी को नहीं मिलती है। इस पार्टी की सिक्योरिटी काफी टाइट रहती है। शाहरुख पार्टी के आखिर में जरूर घर के बाहर आकर पैपराजी को फोटो पोज देते हैं।

***फैशन का जलवा :*** हाल ही में डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने दिवाली पार्टी दी है। इस पार्टी में करीना कपूर से लेकर सुहाना खान तक शामिल हुए। इस पार्टी में हर सेलेब्स डिजाइनर आउटफिट में नजर आया। मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी किसी फैशन शो का अहसास कराती है।

## पहली फिल्म 1962 में आई, जिसका नाम था 'टार्जन गोज टू इंडिया'

# हॉलीवुड से शुरू हुआ था सिमी ग्रेवाल का फिल्मी सफर



*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल ने 70 और 80 के दशक में अपनी अदाकारी और ग्लैमरस अंदाज से दर्शकों का दिल जीता। उनकी खूबसूरती और शानदार अभिनय उन्हें बॉलीवुड की अलग पहचान दिलाने में मददगार साबित हुआ। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत हॉलीवुड की एक फिल्म से की थी, जो भारत में बनी थी। यह उनकी जिंदगी और कॅरियर का काफी खास और दिलचस्प पहलू है। सिमी ग्रेवाल का जन्म 17 अक्टूबर 1947 को लुधियाना में हुआ था। उनके पिता भारतीय सेना के ब्रिगेडियर थे, इसलिए उनका बचपन एक अनुशासित परिवार में बीता। बचपन से ही उन्हें अभिनय का शौक था, लेकिन परिवार वालों ने उनकी पढ़ाई को सबसे ज्यादा महत्व दिया। सिमी को अपनी बहन के साथ इंग्लैंड भेजा गया, जहां उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद सिमी ने अपने दिल की आवाज सुनी और अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म 1962 में आई, जिसका नाम था 'टार्जन गोज टू इंडिया''। यह एक हॉलीवुड फिल्म थी, लेकिन इसे भारत में ही शूट किया गया था। इस फिल्म में सिमी के साथ फिरोज खान भी थे।*

### बोल्डनेस और आत्मविश्वास के लिए जानी गईं

'टार्जन गोज टू इंडिया' के बाद उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी काम करना शुरू किया और धीरे-धीरे अपनी एक अलग पहचान बनाई। उनकी कुछ खास फिल्मों में मेरा नाम जोकर, नमक हराम, सिद्धार्थ, कर्ज, नसीब और इंसाफ का तराजू शामिल हैं। खास बात यह थी कि सिमी ने अपनी फिल्मों में ऐसे किरदार निभाए जो उस दौर की अन्य अभिनेत्रियों से अलग थे। वे अपनी बोल्डनेस और आत्मविश्वास के लिए जानी गईं, खासकर फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में उनके एक टॉपलेस सीन ने उस समय खूब चर्चा बटोरी थी।

### निर्देशन की दुनिया में भी कदम रखा

सिमी ने सिर्फ अभिनय तक ही अपना सफर सीमित नहीं रखा। उन्होंने निर्देशन की दुनिया में भी कदम रखा और मिथुन चक्रवर्ती और अनुराधा पटेल की फिल्म 'रुखसत' का निर्देशन किया। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी शो भी बनाए। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि उनका चैट शो 'रेन्जेव्यू विद सिमी ग्रेवाल' था, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के इंटरव्यू लिए। इस शो ने उन्हें टीवी की दुनिया में भी खास पहचान दिलाई।

### अभिनय के लिए मिले कई पुरस्कार


सिमी ग्रेवाल को उनके अभिनय के लिए कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड भी मिला, जो उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का परिणाम था। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी में भी कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन अपने आत्मसम्मान और आदर्शों को कभी नहीं छोड़ा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज में दो भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे इतिहास की शुरुआत साल 1980 में हुई थी। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 152 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले 5 खिलाड़ियों में दो भारतीय हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक सिर्फ पांच ही गेंदबाज 40+ विकेट हासिल कर सके हैं।





**ब्रेट ली** : साल 2000 से 2012 के बीच ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कुल 32 मुकाबलों की 30 पारियों में 257.1 ओवर फेंके, जिसमें 21 की औसत के साथ 55 विकेट हासिल किए। इस दौरान ली ने भारत के विरुद्ध चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

**कपिल देव** : भारत को बतौर कप्तान वनडे विश्व कप खिताब जिताने वाले कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1980 से 1994 के बीच 41 मुकाबलों में कुल 338.4 ओवर फेंके, जिसमें 45 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव का सर्वश्रेष्ठ 43/5 रहा।



**मिचेल जॉनसन** : इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2015 के बीच 220.3 ओवरों में कुल 43 विकेट हासिल किए। इस दौरान जॉनसन ने एक बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया।



**स्टीव वॉ** : ऑस्ट्रेलिया का यह दिग्गज खिलाड़ी लिस्ट में चौथे स्थान पर मौजूद है, जिसने साल 1986 से 2001 के बीच भारत के खिलाफ 53 वनडे मैच खेले। इस दौरान स्टीव वॉ ने 257.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 29.46 की औसत के साथ 43 विकेट हासिल किए।

### मोहम्मद शमी



भारत के तेज गेंदबाज ने साल 2013 से 2025 के बीच 215.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान शमी ने 42 विकेट हासिल किए। इस टीम के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में शमी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51/5 है।

## खबर संक्षेप



### मलेशिया को हराकर जोहोर कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**जोहोर बाहरू।** भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### बोस्टन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची अनाहत

**नई दिल्ली।** मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15 हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी के सामने अब मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त यना स्वाइफी की चुनौती होगी।

### बारिश के कारण श्रीलंका द.अफ्रीका का मैच रुका



**कोलंबो।** दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच शुक्रवार को महिला विश्व कप मैच को मेजबान टीम की पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश के कारण रोकना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दो विकेट पर 46 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण खेल रुकने पर हर्षिता समरविक्रम छह जबकि कविशा दिलहारी पांच रन बनाकर खेल रहीं थी। सलामी बल्लेबाजी विश्मी गुणरत्ने 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। कप्तान चामरी अटापट्टू और हसिनी परेरा ने अपने विकेट गंवाने से पहले क्रमशः 12 और चार रन बनाए।

### रांची में 24 अक्टूबर से सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप



**रांची।** झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य 24 से 26 अक्टूबर तक रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में चौथी दक्षिण एशियाई (सैफ) सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा। उन्होंने तीन दिवसीय सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आधिकारिक शुभंकर, 'लोगो (प्रतीक चिन्ह)' और गान का अनावरण किया।

**रणजी ट्रॉफी:** रजत के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक निकले 663 रन

# पाटीदार ने जड़ा दोहरा शतक, पंजाब के खिलाफ मध्यप्रदेश की मजबूत बढ़त

एजेंसी ▶▶| इंदौर

रजत पाटीदार ने जब से एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है। पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश के नए कप्तान ने पहले ही मैच में दोहरा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत बढ़ा दिला दी है। ये रजत पाटीदार के प्रथम श्रेणी करियर का 16वां शतक और पहला दोहरा शतक है। उनकी इस पारी की मदद से मध्यप्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 270 से ज्यादा रन की बढ़त बना ली है। रजत पाटीदार के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक 663 रन निकल चुके हैं। रजत पाटीदार ने 205 रन की नाबाद पारी खेली। स्टंप्स के समय पाटीदार के साथ अरशद खान (नाबाद 60) क्रीज पर मौजूद थे।

### सौराष्ट्र ने पहली पारी में बनाए 376 रन

**राजकोट।** कर्नाटक के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल के आठ विकेट के बावजूद चेतन सकारिया (72 गेंद में 29 रन) और युवराज सिंह डोडिया (नाबाद 13) के बीच आखिरी विकेट के लिए 34 की साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल कर ली। सौराष्ट्र ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 200 रन से आगे खेलते हुए श्रेयस (110 रन पर आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 342 रन तक नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन सकारिया और डोडिया ने शानदार साझेदारी कर टीम को पहली पारी में चार रन की बढ़त दिला दी। कर्नाटक के 372 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 376 रन बनाए।



**कर्नाटक की कुल बढ़त हुई 85 रन**

कर्नाटक ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 89 रन बना लिए, जिससे उनकी कुल बढ़त 85 रन की हो गई। स्टंप्स के समय मयंक अग्रवाल (31) और देवदत्त पडिक्कल (18) क्रीज पर मौजूद थे। श्रेयस ने प्रेरक मांकड़ (27) को पगबाधा कर कर्नाटक को दिन की पहली सफलता दिलाई। अनुभवी अर्पित वसावड़ा (58) और गाज्जार सम्मार (45) ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी के साथ सौराष्ट्र को 300 रन के करीब पहुंचाया। श्रेयस ने वसावडा को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा।

### सौराष्ट्र ने गंवाए जल्दी जल्दी विकेट गंवाए

सौराष्ट्र ने इसके बाद जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसमें शिखर शेट्टी ने जयदेव उनादकट को आउट कर टीम का स्कोर नौ विकेट पर 342 कर दिया। सकारिया और डोडिया ने लगभग 16 ओवर तक बल्लेबाजी कर कर्नाटक के बढ़त लेने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सकारिया ने छक्का लगाकर टीम की बढ़त को पक्का किया। वह इसके बाद श्रेयस का आठवां शिकार बनें।

### सैमसन ने केरल के लिए खेली अच्छी पारी

महाराष्ट्र ने तिरुवनंतपुरम में अपनी पहली पारी में 20 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिए। संजू सैमसन (54) और सलमान निजार (49) ने केरल के लिए अच्छी पारियां खेली लेकिन इसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। केरल की टीम पहली पारी में 219 रन पर आउट हो गई। गोवा ने पोरवोरिम में पहली पारी में चंडीगढ़ को 137 रन पर आउट करने के बाद फालोऑन करते हुए 153 रन पर तीन विकेट झटक लिए। गोवा ने पहली पारी में 566 रन बनाए थे। चंडीगढ़ को पारी की हार से बचने के लिए और 270 रन बनाने होंगे।

**क्रिकेट**

# टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे लाबुशेन



एजेंसी ▶▶| पर्थ

मार्नस लाबुशेन को रविवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर रहेंगे क्योंकि चयनकर्ता अगले महीने शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे और एशेज की तैयारी जारी रखने के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे।' बयान में यह भी कहा गया कि ग्रीन का एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलना एक एहतियाती कदम है। उनके स्थान पर चुने गए लाबुशेन शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाने के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

यह घरेलू सत्र का उनका चौथा शतक है। भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया को यह तीसरा बदलाव करना पड़ा है। इससे पहले चोटिल जोश इंगलिस की जगह जोश फिलिप और एडम जंपा की जगह मैथ्यू कुहनेमैन को टीम में जगह दी गई।

### बावुमा दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान तेम्बा बावुमा को इस महीने के अंत में भारत दौरे के लिए देश की 'ए' टीम में शामिल किया गया है ताकि 14 नवंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सके। बवुमा पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में टीम का हिस्सा नहीं है। उन्हें पूरी तरह से उबरने के लिए समय देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला की टीम में नहीं चुना गया है। बावुमा को 'ए' टीम में शामिल करके टीम में वापसी करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्हें शुभमन गिल और उनकी टीम के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय परिस्थितियों में ढलने में मदद मिलेगी।

**अब तक बिके 10 लाख से अधिक**

# सिर चढ़कर बोल रहा फीफा विश्व कप फुटबॉल का क्रेज



एजेंसी ▶▶| मियामी

फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं।

- अगले साल 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महासंग्राम
- सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की

### 11 जून 2026 से शुरू होगा ऐतिहासिक टूर्नामेंट

फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।' फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।

# नाओमी जापान ओपन से हटीं...

एजेंसी ▶▶| ओसाका

नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहुंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया।



# मैडिंसन ने लड़ी कैंसर से जंग, अब पूरी तरह स्वस्थ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिकुलर) कैंसर का पता चलने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई थी लेकिन अब वे अपना करियर फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं।



ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और छह एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस 33 साल के खिलाड़ी ने बताया कि उन्हें इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसके बाद इस चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। मैडिन्सन ने लिखा, 'जब मुझे पता चला कि मुझे कीमोथेरेपी करवानी है, तो इससे निपटना मेरे लिए काफी मुश्किल था। यह मेरे पेट के 'लिम्फ नोड्स' और फेफड़ों के कुछ हिस्सों में फैल गया था। यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण दौर था।' आईपीएल 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए तीन मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'दूसरे या तीसरे सप्ताह तक मेरे सारे बाल झड़ गए। मैं अब काफी सामान्य महसूस कर रहा था। मैं इसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए तरह-तरह के स्टेरॉयड (दवा) ले रहा था, लेकिन इससे मैं रात भर सो नहीं पता था।'

**महिला क्रिकेट विश्व कप : आज 3 बजे से फातिमा सना और सोफी डिवाइन की टीमों में मुकाबला**

# न्यूजीलैंड की राह रोकने उतरेगी पाकिस्तानी टीम

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा। पाकिस्तान ने बारिश से बाधित 31 ओवर के मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट पर 133 रन पर रोका और फिर 113 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बारिश के कारण मैच को अंततः रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण पाकिस्तान की जीत की संभावना खत्म हो गई और



वह चार मैच में तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। वर्ष 2000 का चैंपियन न्यूजीलैंड तीन मैच में तीन अंक के साथ शीर्ष चार से बाहर है।

### न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश से जीत के बाद की वापसी

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैच गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत के साथ वापसी की। हालांकि टीम का श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 23 और 26 अक्टूबर को होने वाले कड़े मुकाबलों को देखते हुए न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए पाकिस्तान को हराना चाहेगी।

**न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी**

न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। ब्रुक हॉलिडे की दमदार पारी के साथ उनकी संयमित पारी ने न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के खिलाफ वापसी दिलाने में मदद की थी। हालांकि शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

### टीमें इस प्रकार

**पाकिस्तान** : फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरुब शाह।

**न्यूजीलैंड** : सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मायर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।




| पुराना एक्स-शोरूम | शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत |
|---|---|
| ~~₹62 938~~ | ₹58 020# |

GST लाभ ₹4 918

| पुराना एक्स-शोरूम | शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत |
|---|---|
| ~~₹79 826~~ | ₹73 589# |

GST लाभ ₹6 237

**सीमित अवधि ऑफर**

प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

Hero GoodLife — पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply. Offer available only on limited stores. ~Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Madhya Pradesh.

**TOLL FREE 1800 266 0018**

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240